www.epaper.azadsipahi.in

09 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 110

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

खनिज ब्लॉक में खनन कार्य शुरू करायें: चंपाई



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## अबुआ आवास सबका आवास

# अबुआ आवास योजना

## के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह

**20 लाख से अधिक लाभुकों को मिलेगा अबुआ आवास**

### मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुण्डा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

**श्री बिद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, रांची
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

### सम्मानित अतिथि

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय विधायक
जमशेदपुर पश्चिम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक
जमशेदपुर (पूर्वी) , विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक
घाटशिला, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक
जुगसलाई, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री समीर कुमार मोहन्ती**
माननीय विधायक
बहरागोड़ा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री संजीब सरदार**
माननीय विधायक
पोटका, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्रीमती जोबा माझी**
माननीय विधायक
मनोहरपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय विधायक
चाईबासा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री निरल पुरती**
माननीय विधायक
मझगांव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री सुखराम उरांव**
माननीय विधायक
चक्रधरपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री सोना राम सिंकू**
माननीय विधायक
जगन्नाथपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्रीमती सबिता महतो**
माननीय विधायक
ईचागढ़, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री दशरथ गागराई**
माननीय विधायक
खरसावाँ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

दिनांक: **9 फरवरी 2024** | समय: **दोपहर 12 बजे**
स्थान: **गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम**



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**₹2 लाख** की सहायता प्रति आवास

**तीन कमरों** का पक्का मकान, रसोई घर और शौचालय का भी निर्माण

**वर्ष 2027 तक** सभी जरुरतमंद लोगों को मिलेगा अबुआ आवास

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R.318379 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# पूरे देश के लिए जरूरी है समान नागरिक संहिता

## ■ उत्तराखंड ने जो कदम उठाया है, दूसरे राज्य भी उस पर विचार करें

## ■ समान नागरिक संहिता से ही प्रगतिशील समाज की स्थापना संभव

आजाद सिपाही विशेष

**संविधान के प्रावधानों को साकार करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर कानून बना कर ऐतिहासिक पहल की है। उत्तराखंड के अलावा असम, मध्यप्रदेश और गुजरात में भी ऐसी पहल हो रही है। समान नागरिक संहिता का मुद्दा 1989 से भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है। जिस तरीके से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को संसद के कानून से निरस्त किया गया, उसी ठोस तरीके से यूसीसी पर राज्यों की बजाय केंद्रीय स्तर पर अमल की जरूरत है। विधि आयोग की रिपोर्ट में यूसीसी के लागू होने पर अनेक व्यावहारिक अड़चनों का विवरण है। उत्तराखंड में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की समिति ने बड़े स्तर पर सभी पक्षों के साथ विमर्श किया है। उन पहलुओं पर पूरे देश में स्वस्थ बहस करने के बाद राष्ट्रीय सहमति बनाने की जरूरत है। उत्तराखंड में बना नया कानून संविधान के नजरिये से पूरे देश के लिए नजीर साबित हो सकता है। महात्मा गांधी और डॉ. आंबेडकर ने स्त्री-पुरुष के समान अधिकारों पर जोर दिया था। इसलिए उत्तराखंड से प्रेरणा लेकर 'एक देश एक कानून' के तहत यूसीसी को पूरे देश में जल्द लागू करने की जरूरत है। इससे संविधान निर्माताओं द्वारा देखा गया लैंगिक समानता का स्वप्न सही मायने में साकार हो सकेगा। क्या है समान नागरिक संहिता और उत्तराखंड सरकार की पहल पर हर राज्य को गंभीरता से विचार करने की जरूरत क्यों है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

उत्तराखंड विधानसभा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून को मंजूरी दे दी है और इसे राज्यपाल की मंजूरी का इंतजार है। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करनेवाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिए इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यूसीसी उत्तराखंड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक और सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिए समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है, हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, संप्रदाय, जाति जब तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखंड और गोवा के बाद असम, मध्यप्रदेश और गुजरात जैसे राज्य भी समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बतायी जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।

### क्या है समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता दरअसल 'एक देश एक कानून' की अवधारणा पर आधारित है। इसके अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अति संवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किये थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एक समान कानून बनाया गया है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे




लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखंड विधानसभा से पारित होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं और संदेह दूर हो जायेंगे, जो अन्य राज्यों के लिए लागू करने का आधार बनेगी।

### क्या है संवैधानिक स्थिति

भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों और संप्रदायों (जैसे- हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, इसाई आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से संबंधित कानून बनाने का अधिकार है।

भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956, जो कि हिंदू, सिख, जैन और अन्य संप्रदायों पर लागू होता है।

दूसरा, मुस्लिम धर्म को माननेवालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़ कर अन्य सभी धर्मों और संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है, तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है।

अभी जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, गोद लेने से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखंड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी।

### क्या है वैश्विक स्थिति

विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, अमेरिका, आयरलैंड आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एक समान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं है। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता और 'वसुधैव कुटुंबकम' के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सांप्रदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है। इन घटनाओं को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देनेवाला है।

### वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति

देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाये, तो भेद करनेवाले विचारों पर लगाम लगायी जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगे, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आये, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गये।

वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनीतिक दल अपने राजनीतिक लाभ और वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कह कर तलाक दे सकता था। इसके दुरूपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बना कर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है।

### भारत के लिए क्यों जरूरी है यूसीसी

अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे।

शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा, फिर चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति पर भी असर पड़ेगा और राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर सकेंगे और वोटों का ध्रुवीकरण नहीं होगा।

समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में भी सुधार आयेगा। कुछ धर्मों के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं। इतना ही नहीं, महिलाओं का अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में भी एक समान नियम लागू होंगे।

अगर हम यह चिंतन भारतीय भाव से करेंगे तो स्वाभाविक रूप से यही दिखाई देगा कि समान नागरिक कानून देश और समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार बनेगा। इसलिए समाज के व्यापक हितों के मद्देनजर समाज के पंथनिरपेक्ष हित चिंतकों को आगे बढ़ कर इस दिशा में पहल करने की जरूरत है, ताकि हम एक प्रगतिशील समाज के रूप में एकजुट हो सकें।

---

### ग्रामीण विकास सचिव की अध्यक्षता में स्टेट प्लांटेशन एडवाइजरी की बैठक

# बिरसा हरित ग्राम योजना के विस्तार पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्टेट प्लांटेशन एडवाइजरी को सक्रिय करने के लिए विभागीय सभागार में सचिव चंद्रशेखर की अध्यक्षता में मंथन किया गया। ग्रामीण विकास सचिव ने कहा कि ग्रामीणों को राज्य का सर्वांगीण विकास का हिस्सा बनाने के लिए कई मानकों को तय करना है। सभी सदस्यों का सुझाव इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। हमें मिलकर योजनाबद्ध तरीके से विकास की मुख्यधारा से ग्रामीण समुदाय को जोड़ना है।




मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इस बार आम की बागवानी के अलावा अन्य फलदार पौधों की बागवानी को बढ़ावा देना है। बैठक में संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग अरुण कुमार सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

#### बैठक में ये निर्णय लिये गये

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में कम से कम 50 हजार एकड़ भूमि में बागवानी।
- मनरेगा के तहत डोभा/सड़क के किनारे पौधरोपण किया जाये।
- बिरसा हरित ग्राम योजना का सामाजिक अंकेक्षण शीघ्र कराया जाये।
- बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में आइइसी एक्टीविटी हो।

### मनरेगा आयुक्त ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता: राजेश्वरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल रूप प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये।

बिरसा सिंचाई कूप योजना की समीक्षा करते हुए मनरेगा आयुक्त




ने योजना के अंतर्गत लाभुकों के चयन/स्वीकृति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मनरेगा के अंतर्गत में बिरसा सिंचाई कूप योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी गयी।

बैठक में उपस्थित सभी डीडीसी को निर्देश दिया गया कि प्रखंडवार/ पंचायतवार सिंचाई कूप के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा किया जाये और अपेक्षाकृत कम प्रगति करने वाले जिलों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

मनरेगा आयुक्त ने कहा कि सभी कार्यों का धरातल पर उचित अनुश्रवण/पर्यवेक्षण आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रखंड के वरीय पदाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सभी एक्टिव साइट और मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों का निरंतर अनुश्रवण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहें।

# रांची से देवघर जाना होगा आसान : लंबोदर

**गझंडी मोड़ से हुरलुंग, ललपनिया रजरप्पा मोड़ से रजरप्पा रोड तक और सांडी मोड़ से बिजुलिया तक सड़क निर्माण को मंजूरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत गझंडी मोड़ से हुरलुंग वाया चतरोचट्टी 27 किलोमीटर, ललपनिया रजरप्पा मोड़ से रजरप्पा रोड तक 20 किलोमीटर और रामगढ़ जिले के फोरलेन रोड में एनएच 33 पर सांडी मोड़ से बिजुलिया (ओल्ड एनएच 33)



12.8 किलोमीटर सड़क निर्माण की प्रशासनिक मंजूरी की दिशा में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के सकारात्मक पहल करने के मिले आश्वासन का स्वागत किया। कहा कि पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मिलकर इस विषय को उनके समक्ष विस्तारपूर्वक रखा, तो उन्होंने प्रशासनिक मंजूरी देने की दिशा में शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया को पूरा कर लेने को लेकर आश्वस्त किया। डॉ लंबोदर महतो ने आशा जताया कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का यह प्रयास सार्थक होगा। इसका लाभ बोकारो-रामगढ़ जिले के साथ-साथ अन्य जिलों को भी मिलेगा। विशेष कर कई ग्रामीण इलाके इस सड़क से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अब रांची से देवघर जाने में भी लोगों को काफी आसानी होगी। साथ ही समय भी कम लगेगा। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के प्रयास से 440 करोड़ की लागत से गिरिडीह बाईपास निर्माण की प्रशासनिक मंजूरी मिल गयी है। इस सड़क का निर्माण गिरिडीह-डुमरी पथ पर जोड़ा पहाड़ी से लेकर गिरिडीह-बेंगाबाद पर महुआर (24 किलोमीटर) तक होगी।

### पंडरा बाजार समिति

# दुकानों का किराया बढ़ाने पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने कृषि बाजार समिति पंडरा के दुकानदारों के दुकान का भाड़ा बढ़ाने के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई की। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने मामले में कृषि उत्पादन बाजार समिति पंडरा के द्वारा पंडरा के दुकानदारों का भाड़ा 5 रुपये प्रति वर्ग फीट से बढ़ाकर 11 रुपये वर्ग प्रति फीट करने के नोटिस एवं झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही मामले में कोर्ट ने प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिवक्ता द्वारा कानूनी पहलू पर कोर्ट को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी थी। दरअसल, सितंबर 2023 में कृषि बाजार समिति पंडरा के दुकानदारों के दुकान का किराया 5 से बढ़ा कर 11 रुपये प्रति फीट करने को लेकर पंडरा बाजार समिति ने दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। दुकानदारों का किराया बढ़ाने के संबंध में झारखंड राज्य कृषि वितरण बोर्ड ने आदेश जारी किया था।

# छत विक्षत अर्धनग्न अवस्था में महिला का मिला शव, दुष्कर्म की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोइनबार गांव के हरईया टोला के समीप अरहर के खेत में अर्धनग्न अवस्था में छत विछत लगभग 27 वर्षीय महिला का शव को पुलिस ने गुरुवार के दिन बरामद किया है। खबर मिलते ही थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के पश्चात सीडीपीओ नीरज कुमार पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद आसपास के लोगों से शव की पहचान करायी गयी, लेकिन शव का पहचान नहीं हो सका। इस संबंध में सीडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कोईनबार गांव के हरइया टोला से छत विछत अर्धनग्न अवस्था में लगभग 27 वर्षीय एक अज्ञात महिला का शव अरहर के खेत में बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं उन्होंने कहा कि महिला का चेहरा पूरी तरह से पत्थर से कूचा हुआ है और जलाया हुआ पाया। इसलिए उक्त वजह से महिला की पहचान नहीं हो पायी है। जहां पर शव मिला है। बताते चले की वह स्वर्गीय वकील खान का खेत हैं, जो कि वह सड़क से खेत कुछ दूर पर है। इसलिए किसी की नजर इस पर नहीं पड़ा। वहीं उन्होंने कहा कि वहां पर एक खून लगा पत्थर भी मिला है कुछ दूर पर महिला का चप्पल भी पाया गया है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम दृश्य हत्या का तथा कपड़े की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उसके साथ रेप भी किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि जांच किया जा रहा है लगभग 10 वर्ष पूर्व उसी जगह पर वकील खान का भी हत्या किया गया था। वहीं उन्होंने कहा कि चाहे जो भी इस हत्याकांड में संलिप्त हो उसे बक्शा नहीं जायेगा। वहीं इस मौके पर एसआई विकास कुमार, रंजीत कुमार दलबल के साथ मौजूद थे।

09 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 110







## बीएमडब्ल्यू कार की गुत्थी सुलझाने में जुटी इडी

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू को समन, 10 को बुलाया

- बीएमडब्ल्यू कार कोलकाता के कारोबारी योगेश की कंपनी के नाम पंजीकृत
- पंजीकरण पर धीरज साहू के आवास का पता






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सांसद धीरज साहू के बीच के तार को सुलझाने में जुट गयी है। हेमंत के दिल्ली स्थित आवास से बीएमडब्ल्यू एसयूवी कार का कनेक्शन धीरज साहू से जुड़ रहा है। इडी ने धीरज साहू को पूछताछ के लिए समन किया है। उन्हें 10 फरवरी को इडी कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

इडी ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर 29 जनवरी को छापेमारी की थी। यहां से 36 लाख रुपये नकद और एक बीएमडब्ल्यू कार मिली, जिसे जब्त कर लिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार गुरुग्राम की भगवान दास होल्डिंग्स लिमिटेड नाम की कंपनी के नाम रजिस्टर्ड है। इस कंपनी के डायरेक्टर कोलकाता के कारोबारी योगेश अग्रवाल और अनीशा अग्रवाल हैं, जबकि गाड़ी का पंजीकरण सांसद धीरज साहू के मानेसर स्थित घर के पते पर है। इडी ने बुधवार को कोलकाता में योगेश अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की थी। हेमंत सोरेन को इडी दोबारा पांच दिन की रिमांड पर ले चुकी है। अब धीरज साहू को पूछताछ के लिए समन किया गया है। सूत्रों ने कहा कि इडी हेमंत सोरेन, धीरज साहू और योगेश अग्रवाल के बीच कथित संबंधों और बीएमडब्ल्यू एसयूवी के संबंध में पूछताछ करना चाहती है।

### धीरज के यहां से मिले थे 350 करोड़ से अधिक रुपये

**रांची (आजाद सिपाही)।** सांसद धीरज साहू के आवास पर बीते दिसंबर में आयकर विभाग की छापेमारी हुई थी। उनके रांची, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड के ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। इसमें 350 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। छापेमारी के बाद धीरज साहू ने कहा था कि ये पैसा उनका नहीं है, बल्कि उनके परिवार और फर्म का है। वह हर चीज का हिसाब देंगे। बरामद नोटों को बोलांगीर और संबलपुर स्थित स्टेट बैंक में जमा करा दिया गया था। आयकर विभाग की कार्रवाई अभी जारी है।

# खनिज ब्लॉक में खनन कार्य शुरू करायें: चंपाई

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ खनन एवं भूतत्व विभाग की समीक्षा की
- जियोलॉजिस्ट को नियुक्त करने की प्रक्रिया भी शुरू करने का दिया निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में खनन एवं भूतत्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन विभाग राजस्व का एक मुख्य स्रोत माना जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे खनन ब्लॉक, जिनकी पहले से नीलामी अथवा आवंटन हो चुका है, उन खनन ब्लॉकों को जल्द से जल्द चालू किया जाये। खनन कार्य का जिम्मा जिस कंपनी या संस्थान को आवंटित किया गया है, उनके साथ बैठक कर खनन कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें। खनन कार्य संचालित करने वाली वैसी कंपनी, जो खनन कार्य में रुचि नहीं दिखा रही हैं, उन्हें स्पष्टीकरण कर उनका आवंटन रद्द करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य के विभिन्न खनिज ब्लॉकों की नीलामी करने संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने फरवरी माह के अंत तक खनन विभाग द्वारा चिह्नित 10 विभिन्न खनन ब्लॉक की नीलामी या आवंटन प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

**नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने का निर्देश:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मार्च माह तक मेजर- माइनर खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया से संबंधित सभी कार्रवाई पूरी कर ली जाये। वैसे कोल ब्लॉक जिनकी नीलामी हो चुकी है और अब तक खनन कार्य शुरू नहीं हुआ है, उन सभी कोल ब्लॉकों में खनन कार्य अविलंब चालू करायें। खनन कार्य विलंब होने से राजस्व का नुकसान होता है, इस बात का ध्यान अवश्य रखें। वैसे कोल ब्लॉक जिनका फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं हो सका है, उसके लिए वन विभाग के प्रधान सचिव के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करें और सभी प्रक्रिया पूरा करें।

### आम जन को उचित दाम पर मिले बालू

चंपाई सोरेन ने बालू घाट ऑक्शन की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बालू आसानी से और उचित कीमत पर प्राप्त हो सके, इस पर ध्यान दें। इसके लिए विभाग निरंतर मॉनिटरिंग करे, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। बालूघाट की टेंडर प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसका निराकरण जल्द कर लें।

### नियमित नियुक्ति के लिए अधियाचना भेजें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि खनन विभाग में जियोलॉजिस्ट के स्वीकृत पद के आलोक में कार्यहित को देखते हुए वर्तमान में संविदा पर नियुक्ति करें तथा नियमित नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजें। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, खनन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, उद्योग विभाग के सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह, निदेशक खनन शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज रील्स

### भारत-म्यांमार के बीच बॉर्डर सील किया गया

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय ने भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे दोनों देशों के बीच बॉर्डर के पास रहने वाले लोगों का फ्री मूवमेंट बंद हो गया है।

### किसानों का दिल्ली मार्च, हाइवे जाम

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ धरने पर बैठे किसानों ने गुरुवार को दिल्ली की तरफ कूच किया है। संसद का घेराव करके विरोध जताने की तैयारी है। किसानों के मूवमेंट की वजह से यूपी-दिल्ली हाइवे जाम हो गया है। नोएडा एक्सप्रेस-वे बंद किया गया है। जगह-जगह किसानों को रोका गया। जिस कारण पुलिस के साथ किसानों की नोकझोंक हुई।

### ट्रक और स्कूल वैन में टक्कर, एक बच्चे की मौत, 8 घायल

कानपुर। कानपुर में जीटी रोड पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने एक स्कूली बच्चों से भरी वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन के परखच्चे उड़ गये। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गयी, जबकि आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने गांव वालों की मदद से घायल बच्चों को अस्पताल भेजा। जहां उनकी स्थिति गंभीर है।

### पाकिस्तान चुनाव के रुझानों में इमरान समर्थक आगे

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। मतदान सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ और शाम 5:30 बजे तक चला। पाकिस्तान में वोटिंग की गिनती के बीच रुझान आने भी शुरू हो गए हैं। रुझानों में इमरान समर्थक 80 पर आगे चल रहे हैं। आधिकारिक नतीजे 9 फरवरी को घोषित हो सकते हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं।

# हेमंत की गिरफ्तारी में राजभवन की कोई भूमिका नहीं: राज्यपाल

- हेमंत ने खुद इस्तीफा पत्र में लिखा था- इडी मुझे हिरासत में ले चुकी है, इसलिए मैं इस्तीफा सौंप रहा हूं
- सीपी राधाकृष्णन ने आरोपों को बताया बेबुनियाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 31 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी में राजभवन की भूमिका और साजिश से जुड़े आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस पूरे प्रकरण में राजभवन की कोई भूमिका नहीं थी। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने 31 जनवरी की शाम उनके प्रधान सचिव को फोन पर सूचित किया था कि हेमंत सोरेन को कस्टडी में लिया गया है। इसके बाद राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने भी प्रधान सचिव को फोन किया और कहा कि इडी ने हेमंत सोरेन को कस्टडी में ले लिया है। अब वह राजभवन आकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहते हैं। मुख्य सचिव ने आग्रह किया कि हेमंत सोरेन के साथ पांच लोग राजभवन जाना चाहते हैं। इसकी स्वीकृति भी दे दी गयी। राज्यपाल गुरुवार को एक कार्यक्रम के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे।

**सीएम के इस्तीफा में इडी कस्टडी का जिक्र:** राज्यपाल ने कहा कि यह सूचना सीएमओ से भी आयी थी। फिर कई घंटे बाद हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे और अपना इस्तीफा दिया। उन्होंने इस्तीफे में भी इस बात का जिक्र किया है कि इडी ने उन्हें कस्टडी में ले लिया है, इसलिए मैं इस्तीफा सौंप रहा हूं। इसी बीच उनके साथ मौजूद लोगों ने नयी सरकार बनाने के दावे से जुड़ा पत्र भी सौंप दिया। उन्हें यह भी नहीं मालूम था कि हेमंत सोरेन के साथ आये लोग विधायक हैं या इडी के अधिकारी। फिर भी मैंने उनका पत्र ले लिया। लिहाजा, यह कहना कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी में राजभवन की कोई साजिश छिपी है, यह बेबुनियाद और मनगढ़ंत बात है।

**देर से शपथ दिलाने पर राज्यपाल की सफाई :** राज्यपाल नयी सरकार को शपथ दिलाने में इतना विलंब पर कहा कि पत्र मिलने के बाद बता दिया था कि लीगल टीम से राय लेने के बाद इसकी जानकारी दे देंगे। राज्यपाल ने कहा कि लीगल टीम से सुझाव मिलते ही उन्होंने 1 फरवरी की रात को ही विधायक दल के नवमनोनीत नेता को बुला लिया था। उनके सुझाव के मुताबिक 2 फरवरी को सीएम के अलावा दो मंत्रियों को शपथ दिलवायी गयी। राज्यपाल ने कहा कि अगर देर करना होता तो 26 घंटे बीतने के बाद रात को ही क्यों कॉल करते। अगले दिन सुबह भी बुला सकते थे।

### राजभवन पर लगा था आरोप

राजभवन पर साजिश का आरोप 5 फरवरी को विशेष सत्र के दौरान लगा था। विशेष सत्र के दौरान हेमंत सोरेन ने कहा था कि देश में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री को राजभवन में गिरफ्तार किया गया हो। इस बात को सत्ता पक्ष ने भी जोर-शोर से उठाया। यह बताने की कोशिश की गयी कि सीएम की गिरफ्तारी राजभवन में ही हुई है। राज्यपाल पर भी आरोप लगाये गये थे।

# वित्त मंत्री ने लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया

## कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया। इस पर शुक्रवार को चर्चा होगी। 59 पेज के श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि किस तरह यूपीए सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान भारत को झेलना पड़ा।


स्वेत पत्र में लिखा है कि 2014 में कोयला घोटाले ने देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। 2014 से पहले कोयला ब्लॉकों का आवंटन ब्लॉक आवंटन की पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किये बिना मनमाने आधार पर किया गया था। कोयला क्षेत्र को कॉम्पटीशन और ट्रांसपेरेंसी से बाहर रखा गया था। एजेंसियों द्वारा जांच की गई और 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने 1993 से आवंटित 204 कोयला खदानों/ब्लॉकों का आवंटन रद्द कर दिया। यूपीए सरकार में 122 दूरसंचार लाइसेंसों से जुड़ा 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ। कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) घोटाले ने राजनीतिक अनिश्चितता के माहौल का संकेत दिया।

उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर ब्लैक पेपर जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल में 411 विपक्षी विधायकों को अपनी तरफ मिलाया। वह डेमोक्रेसी खत्म कर रही है। कांग्रेस ने इसे 10 साल, अन्याय काल नाम दिया। ब्लैक पेपर में रोजगार और लोकतंत्र की चर्चा है। खड़गे ने कहा कि देश में जो सबसे बड़ा मुद्दा है, उसे भाजपा सरकार कभी नहीं उठाती। नेहरू के जमाने के एचएएल, एचएमटी और बीएचइएल को उन्होंने कभी नहीं बताया। इसमें कितने लोगों को बेहतरीन नौकरियां मिलीं, ये कभी नहीं बताया। गांवों में रोजगार कम हो रहे हैं, क्योंकि सरकार नरेगा का पैसा रिलीज नहीं कर रही। गैर-भाजपा शासित राज्यों जैसे केरल, कर्नाटक, तेलंगाना के साथ भेदभाव किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मोदी कहते हैं कि अब इतने पैसे जमा हो रहे हैं, पहले क्यों नहीं होते थे। ऐसा कहकर वे अप्रत्यक्ष रूप में हैरेसमेंट और प्रेशराइज कर रहे हैं और इलेक्शन में पैसा लगा रहे हैं।

# विनोद सिंह के वाट्स एप चैट का मामला संसद में उठा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संसद में गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट का मामला सांसद संजय सेठ ने शून्यकाल में उठाया और सीबीआइ जांच की मांग की। सेठ ने कहा कि झारखंड में झामुमो और कांग्रेस की सरकार को लेकर रोज नये-नये खुलासे हो रहे हैं। पूर्व की जो सरकार झारखंड में चल रही थी, वह व्हाट्सएप पर चलती थी। सारे कार्य व्हाट्सएप पर किये जाते थे। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री (तत्कालीन) के करीबी विनोद सिंह के यहां जेएसएससी की परीक्षा के एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं। यह बहुत गंभीर मामला है। युवा न्याय मांग रहे हैं। जेएसएससी के पेपर लीक और व्हाट्सएप चैट की जांच सीबीआइ से करायी जाये।




# नरेंद्र मोदी ओबीसी नहीं पैदा हुए : राहुल गांधी

- कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ पहुंची
- राहुल ने कहा-मोदी गुजरात की तेली जाति में जन्मे, भाजपा ने इसे 2000 में ओबीसी दर्जा दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायगढ़।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ पहुंच चुकी है। सांसद राहुल गांधी ने रायगढ़ में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी पार्लियामेंट में कहते हैं ओबीसी वर्ग को भागीदारी की क्या जरूरत, मैं ओबीसी हूं। सबसे पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप लोगों को भयंकर बेवकूफ बनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी जी ओबीसी नहीं पैदा हुए थे। वह तेली जाति में गुजरात में पैदा हुए थे। उनकी कम्युनिटी को भाजपा ने साल 2000 में ओबीसी बनाया। प्रधानमंत्री ओबीसी नहीं पैदा हुए, प्रधानमंत्री जनरल कास्ट में पैदा हुए। वह पूरी दुनिया में झूठ बोल रहे हैं कि वह ओबीसी में पैदा हुए। ये पूरी जिंदगी में जाति जनगणना नहीं करेंगे। जाति जनगणना कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी करेगा।

राहुल गांधी ने कहा कि 50 फीसदी लोग ओबीसी, 23 फीसदी लोग दलित आदिवासी हैं। इसके बाद भी उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है। फिर भी ये लोग न तो ब्यूरोक्रेट हैं और न ही इनके हाथ में कोई अधिकार है, ऐसे में भारत कैसे जुड़ सकता है। दो सौ कॉर्पोरेट में से टॉप मैनेजमेंट में न एक ओबीसी है, न दलित है और न ही आदिवासी। दिल्ली में नब्बे अफसरों में महज तीन ओबीसी हैं, एक आदिवासी, तीन दलित हैं। उन्होंने कहा कि 73 फीसदी लोगों में सवर्ण गरीब भी हैं। अडाणी जी की कंपनी में भी गरीब, ओबीसी, दलित-आदिवासी नहीं हैं। अगर मिल गया तो मैं जाति जनगणना की मांग नहीं करूंगा। मोदी जी कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का एक नेता जातीय जनगणना की मांग उठा रहा है। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट में ओबीसी नहीं है तो क्या हुआ देश का पीएम तो ओबीसी है। जबसे मैंने यह मुद्दा उठाया है, मोदी जी कहने लगे हैं कि देश में अमीर और गरीब जाति है। अगर देश में अमीर, गरीब ही जाति है तो मोदी जी ओबीसी कैसे बन गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## पार्थनंद तिवारी, जानकी देवी को प्रफुल्ल सम्मान




रांची (आजाद सिपाही)। नागपुरी भाषा परिषद् और सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से गुरुवार को डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में नागपुरी दिवस सह प्रफुल्ल कुमार राय की जयंती मनी। इस अवसर पर नागपुरी के वरिष्ठ साहित्यकार पार्थनंद तिवारी, जानकी देवी को प्रफुल्ल सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षितीश कुमार राय द्वारा रचित नागपुरी गीत संग्रह की दो शोध पुस्तकें के अलावा डॉ उमेश नंद तिवारी के प्रधान संपादकत्व में तैयार की गयी पुस्तक पारंपरिक औषधीय ज्ञान, डॉ रामकुमार की पुस्तक नागपुरी काव्य कर विविध आयाम का लोकार्पण किया गया। सभी पुस्तकों का प्रकाशक झारखण्ड झरोखा है। नागपुरी के वरिष्ठ गायक गीतकार क्षितीश कुमार राय ने कहा कि हमें भी गौरवान्वित होना चाहिए कि आज नागपुरी भाषा झारखंड की हर प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हैं। मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, रणेंद्र और अवधमणि पाठक समेत अन्य उपस्थित थे।

## भगवान राम आश्रम में मना अनन्य दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची में धूमधाम से अनन्य दिवस मनाया गया। प्रातः प्रभातफेरी निकाली गयी। इसके बाद पूजन आरती, विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता समूह शाखा के वरिष्ठ सदस्य मनमथ नाथ देवघड़िया, विषय प्रवेश रामचंद्र नाथ शाहदेव ने किया। नयनमंजरी देवी, नागदमनी शाहदेव और कीर्तिमान शाहदेव ने अपने विचार रखे। मंच संचालन नवीन और धन्यवाद ज्ञापन शाखा के मंत्री राधेश्याम सिंह ने किया।

## डीएसपीएमयू में व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत



रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में चार दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत की गयी। यह कार्यक्रम 12 फरवरी तक चलेगा। पहले दिन व्याख्यान का विषय था- पर्यावरण: समस्याएं और चुनौतियां। नीतीश प्रियदर्शी ने पर्यावरण और प्रकृति के संबंधों को विस्तार से समझाया। जंतु विज्ञान के अध्यक्ष जीसी बास्के ने पृथ्वी की महत्ता का उल्लेख किया। कहा कि कोरोना काल के बाद इकोसिस्टम में काफी सुधार हुआ है। सचिव नमिता लाल, अमृता लाल, सजलेंदु घोष, कैप्म खान, राजेश कुमार सिंह, सोनी कुमारी, अनुशील आनंद उपस्थित थे।

## सेंट माइकल स्कूल में वार्षिक खेलकूद संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। सेंट माइकल पब्लिक स्कूल न्यू अशोक नगर के बच्चों के बीच अरगोड़ा मैदान में 25वां वार्षिक खेलकूद दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जयसवाल, भाजपा नेता संजीव विजयवर्गीय, अरूण कुमार झा, रांची महानगर बीजेपी अध्यक्ष वरुण साहू, बीजेपी अरगोड़ा मंडल अध्यक्ष मुनेश्वर साहू उपस्थित रहे। बच्चों के द्वारा डंबल, लेजियम, विभिन्न आकृतियां पर आधारित ड्रिल, पिंटी और पिरामिड आदि प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि नवीन जयसवाल ने बच्चों के क्रियाकलाप की प्रशंसा की। बेबी प्री-नर्सरी के बच्चों ने डोनाल्ड डक, मिकी माउस, टॉम एंड जैरी रेस जैसे मनोरंजन युक्त इवेंट्स में हिस्सा लिया। निदेशक डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में पढ़ाई के साथ खेलकूद जरूरी है। मौके पर रमाकांत प्रसाद, सुषमा सिन्हा, प्राचार्या श्रावणी पांडेय, तृषा कुमारी, पुरुषोत्तम पांडेय, विवेक कुमार, संदीप कुमार, धीरज कुमार, अंजू कुमारी, सुमन कुमारी, सुनीता कुमारी, अर्शी बानो, तबस्सुम खातून, सदफ रहमान, प्रतिमा नाग, मनोरमा कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सीआइडी ने दो साइबर अपराधियों को लखनऊ से किया गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। सीआइडी साइबर क्राइम थाना ने दो साइबर अपराधियों को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में राहुल त्रिपाठी और देव प्रकाश शामिल है। इनके पास से दो मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक चेक बुक, एक एटीएम कार्ड और मोबाइल से मामले के ट्रांजेक्शन के साक्ष्य बरामद किये गये हैं। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने गुरुवार को बताया कि सात दिसंबर को 2023 को एक युवती ने साइबर काइम थाने में मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में बताया गया था कि युवती से टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया गया, जिसमें लूडो और फिशडोम को लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाइम जॉब ऑफर किया गया। इसके पश्चात उन्हें टेलीग्राम प्रोफाइल पर रजिस्टर कर विडियो लाइक करने का काम दिया गया। उक्त टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिये गये टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। फिर उनसे यह कहा गया कि पैसे को क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर दिया जायेगा। इससे मिलने वाले लाभ को ग्लोबल कंपनी के साइट पर दिखाया जायेगा। इसके बाद युवती को इंवेस्ट किये हुए पैसे फेक वेबसाइट में दिखना शुरू हो गया, जिससे वह झांसे में आ गयी। झांसा में लेने के लिए इनके एकाउंट में कुछ पैसे डाले गये, लेकिन बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया। इस तरह से इनके साथ कुल 63 लाख 98 हजार 824 रुपये का साइबर ठगी कर ली गयी।

## राजभवन उद्यान का 15,524 ने किया दीदार

रांची (आजाद सिपाही)। राजभवन खुलने के तीसरे दिन गुरुवार को 15524 लोग पहुंचे और वहां का दीदार किया। इस दौरान राजभवन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सभी लोगों को जांच करने के बाद राजभवन में इंट्री दी गयी। सभी राजभवन के आकर्षक गुलाब, झूले, फाउंटेन, झरना और फलदार वृक्ष और औषधीय पेड़-पौधे के साथ मोबाइल से सेल्फी और तस्वीर लेते देखे गये। उल्लेखनीय है कि राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए 12 फरवरी तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट नंबर 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जायेगा।

# भाजपा एक समान समझ कर कार्य करती है : बाबूलाल मरांडी

## 300 से ज्यादा लोगों ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता




रांची। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ग्रामीण जिला की अध्यक्षता में मिलन समारोह का गुरुवार को आयोजन स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में किया गया। इस दौरान कांग्रेस-झामुमो को छोड़कर मुस्लिम समाज के 300 से ज्यादा लोगों ने भाजपा का दामन थामा। मिलन समारोह की अध्यक्षता ग्रामीण अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इमरान खान ने की।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब के प्रयास के मंत्र पर भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। भाजपा हर समाज के लोगों को एक समान समझकर कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को देखकर और उन पर विश्वास जताकर आज भारी तादाद में अल्पसंख्यक समाज के लोग भाजपा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हम सभी अल्पसंख्यक समाज के लोग इस पार्टी के घर कार्यकर्ता होने पर गर्व करते हैं। गर्व से कह सकते हैं कि 2024 के चुनाव में एक बार फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नरेंद्र मोदी को देखने के लिए अल्पसंख्यक समाज की भी बहुत बड़ी भागीदारी होगी।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा निरंतर प्रयास कर अल्पसंख्यक समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य कर रही है और आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी में बहुत बड़ी तादाद में अल्पसंख्यक समाज के लोग नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करने के लिए सामने आयेंगे।

## 14 को भव्य तिलकोत्सव पहाड़ी बाबा की महाआरती



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की बैठक गुरुवार को संस्थापक अध्यक्ष राजेश साहू की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। महासमिति क्की बैठक में मुख्य रूप से 14 फरवरी को पहाड़ी बाबा का भव्य तिलक उत्सव, महाआरती एवं भव्य श्रृंगार किया जायेगा। साथ ही सभी पूरे सनातनी विधि - विधान से पहाड़ी बाबा का विवाह संपन्न किया जायेगा। महाशिवरात्रि को भव्य और सफल बनाने को लेकर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की नयी कार्यकारणी का गठन 10 फरवरी दिन शनिवार दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से दीपक लाल, राजेश साहू, दिलीप गुप्ता, मिहुल प्रसाद, बादल सिंह, दीपक नंदा, राजकुमार तलेजा, गगन कुमार, राजीव वर्मा, संजय कुमार, सुभाषाशीष चटर्जी, स्वपना चटर्जी, उर्मिला चौधरी, अर्चना मिर्धा, बेबी गाड़ी, आकांक्षा वर्मा, राम सिंह, कुमकुम गुप्ता, मन्नू चौधरी, आकृति, वैष्णवी, सलोनी, समीक्षा शर्मा, दिविजा एवं तमाम शिव भक्त उपस्थित रहे।

### साइकिलिंग प्रतियोगिता में बहा रहे पसीना

## झारखंड की झोली में रजत पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर 14-17-19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं पसीना बहा रहे हैं। इसका गुरुवार को रांची के मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विधायक दीपिका पांडेय और विधायक राजेश कच्छप ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

विधायक दीपिका पांडेय ने प्रतियोगिता की सफल मेजबानी के लिए राज्य शिक्षा परियोजना और खेल पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि इन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन से ना केवल राज्य की सकारात्मक छवि देश के सामने उभरती है, बल्कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को भी निखरने का अवसर मिलता है।

विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल प्रबंधन के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। अंडर 19 साइकिलिंग प्रतियोगिता में गुरुवार को झारखंड ने रजत पदक के साथ शानदार शुरुआत की। राज्य की बालिका टीम में शामिल संतोषी उरांव ने रजत पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया। अंडर 19 बालिका वर्ग साइकिलिंग में महाराष्ट्र की स्नेहल माली ने स्वर्ण और महाराष्ट्र की ही स्नेहा ने कांस्य पदक जीता। अंडर 19 बालक वर्ग साइकिलिंग में दिल्ली के अक्षर त्यागी ने स्वर्ण पदक, राजस्थान के बजरंग ने रजत, आंध्रप्रदेश के कुम्मारा सुरेश ने कांस्य पदक जीता।

## रेल मंत्री से मिले पलामू के सांसद

रांची (आजाद सिपाही)। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने गुरुवार को नयी दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। रांची-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव, बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पुनः प्रारंभ करने, प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन और पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने का आग्रह किया। सांसद ने कहा कि मंत्री ने आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द उक्त कार्यों को किया जायेगा।

## शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड इंप्लाई इंप्लॉइज फेडरेशन का शिष्टमंडल विक्रांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मिलकर शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ दिये जाने के विषय पर वार्ता की। वार्ता के दौरान इस विषय पर सचिव को सारी जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा गया। सचिव ने महासंघ के पक्ष को सुनने के बाद इस बात पर पूर्ण सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ दिये जाने पर एक सप्ताह के भीतर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। विक्रांत सिंह ने बताया कि वर्तमान सरकार ने अपने कर्मचारियों के हितों के लिए पुरानी पेंशन, कैशलेस मेडिकल से लेकर कई बड़े मांगों को पूरा किया है और कर्मचारी भी सरकार की ओर हमेशा आशा भरी नजरों से देखते हैं। वार्ता में प्रांतीय अध्यक्ष के साथ प्रांतीय महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी, प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू, प्रांतीय संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, संयुक्त महासचिव सुरेंद्र कुमार, विधिक सलाहकार ध्रुव ज्योति, प्रांतीय कमेटी के सदस्य शिवनारायण महतो, रांची जिला के जिलाध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन खान, धनबाद जिला कार्यकारिणी के सदस्य दीपक कुमार और विजय कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### दीपक प्रकाश के सवाल पर केंद्रीय मंत्री का जवाब

# अवैध खनन रोकने के लिए उपग्रह आधारित प्रणाली का प्रयोग किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से खान-कोयला मंत्रालय से झारखंड राज्य में अराजक समूहों द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध खनन से हो रहे जान-माल और राजस्व के बड़े नुकसान और इससे निबटने के केंद्र सरकार के द्वारा उठाये गये कदम से संबंधित जानकारी चाही। केंद्रीय खान, कोयला, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि खान और खनिज अधिनियम 1957 की धारा 23ग के अनुसार, राज्य सरकारों को अवैध खनन, अवैध रूप से खनन किये गये खनिजों की दुलाई-भंडारण पर अंकुश लगाने और इससे संबंधित प्रयोजनों के लिए नियम बनाने का अधिकार दिया गया है। श्री जोशी ने बताया कि झारखंड सरकार से राज्य में अवैध खनन के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए कई बार अनुरोध किया गया है। फिर भी राज्य के द्वारा कोई सक्रिय कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। बताया कि झारखंड सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार अवैध खनन के खिलाफ 2019 से लेकर नवंबर 2023 तक कुल 6597 एफआइआर दर्ज की गयी थी और ढुलाई में उपयुक्त किये गये 12,280 वाहन को जब्त किया गया था।

श्री जोशी ने बताया कि केंद्र सरकार ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए वर्ष 2015 में एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन करके अवैध खनन के लिए दंड को और अधिक कठोर बनाया गया है। भारतीय खान ब्यूरो के माध्यम से खान मंत्रालय ने राज्य सरकार, जो अगली आवश्यक कार्रवाई करेगी, को किसी अवैध खनन गतिविधि की सूचना देने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए खनन निगरानी प्रणाली विकसित की है। खनन निगरानी प्रणाली एक उपग्रह आधारित निगरानी प्रणाली है, जिसका लक्ष्य उपग्रह चित्रों के उपयोग के माध्यम से पट्टा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन गतिविधि का पता लगाना है।

## अग्निवीर योजना के जरिये मोदी सरकार ने 1.5 लाख युवाओं के सपनों को चकनाचूर : नेटा डिसूजा




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने अग्निवीर योजना के माध्यम से मोदी सरकार लाखों युवाओं को ठगने का आरोप लगाया है। महिला कांग्रेस की नेत्री नेटा डिसूजा ने कहा कि अग्निवीर योजना के जरिये मोदी सरकार ने 1.5 लाख युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर दिया, जिन्हें नियमित भर्ती के तहत कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण के बाद सैन्य बलों में भर्ती होनी थी। भाजपा ने करोड़ों युवाओं को धोखा दिया है। बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर है। 31 जनवरी 2024 को बिहार में राहुल गांधी ने एक राष्ट्रव्यापी अभियान जय जवान अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध की शुरुआत की है, जिसके जरिये युवाओं को न्याय मिलेगा। यह अभियान 20 मार्च तक चलेगा।

**रोजगार के अवसरों में आयी कमी:** आरटीआइ के अनुसार 2022-23 में आवेदन करने वालों की संख्या 34 लाख थी, जो 2023-24 में 10 लाख के करीब हो गयी है। इसका स्पष्ट संकेत है कि युवाओं का सेना की ओर रुझान अब घट रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, सैनिक विभाग के अध्यक्ष एचएन यादव, प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू, ऋषिकेश सिंह मौजूद रहे।

## पंकज मिश्रा की जमानत पर फैसला सुरक्षित



रांची (आजाद सिपाही) । झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इडी की विशेष अदालत ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले वर्ष जुलाई में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बड़हरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गयी थी। इस तलाशी अभियान के दौरान इडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी जब्त किये थे।हाइकोर्ट ने एनआइए से पूछा

## शेल कंपनी में फुलेश्वर गोप डायरेक्टर थे या नहीं

रांची (आजाद सिपाही) । झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ की ओर से लेवी का पैसा शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से संबंधित मामले के आरोपित फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने एनआइए से पूछा है कि वह रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी कोलकाता से पता कर बतायें कि फुलेश्वर गोप शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे या नहीं। कोर्ट ने मामले में एनआइए को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 28 फरवरी निर्धारित की है। इस कंपनी में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप की पत्नी हीरा देवी भी डायरेक्टर थी। आरोप है कि इस शेल कंपनी के माध्यम से पीएलएफआइ द्वारा अर्जित लेवी का पैसा विभिन्न कामों में लगाया जाता था। इस मामले में फुलेश्वर गोप तीन साल छह माह से जेल में है। मामले को लेकर बेड़ो थाना कांड संख्या 67-2016 दर्ज किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा इस मामले को एनआइए जांच के लिए हैंडओवर किया गया था। इसके बाद एनआइए ने मामले में 2-2018 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।

## शिविरों के माध्यम से आम जनों को दिया जा रहा है केंद्रीय योजनाओं का लाभ




रांची (आजाद सिपाही)। भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने और आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से इन योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा का विस्तारित कार्यक्रम रांची सहित जनजातीय क्षेत्रों में शुरू हो गया है। रांची शहरी क्षेत्र में विस्तारित यात्रा की शुरुआत 7 फरवरी से की गयी। विस्तारित यात्रा के तहत कुल 28 शहरी निकायों में विकसित भारत यात्रा के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं धनबाद शहरी क्षेत्र के लिए पांच फरवरी से यात्रा की शुरुआत हुई है, इसके तहत वहां 42 शहरी निकायों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। वहीं जनजातीय बहुल इलाकों वाले जिले- दुमका, गोड्डा, गुमला, खूंटी, साहिबगंज, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू, पाकुड़ और सिमडेगा में विकसित भारत यात्रा के विस्तारित कार्यक्रम के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को झारखंड के खूंटी से कई सूचना, शिक्षा और संचार (आइइसी) वैन देश भर के विभिन्न स्थानों से एक साथ लॉन्च करके इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। केंद्र सरकार की यह पहल सुनिश्चित करती है कि राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति, यहां तक कि दूरस्थ इलाकों में सभी लोग, इन सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यात्रा के दौरान जनता को ऑन-स्पॉट पीएम उज्ज्वला योजना नामांकन, एमवाइ भारत स्वयंसेवक पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बड़ी संख्या में नागरिक भी विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ रहे हैं, जो यात्रा में पर्याप्त जन भागीदारी को दशार्ती है। संकल्प यात्रा के जरिये जनता को उनके उचित विशेषाधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## बीरेंद्र भूषण बने झारखंड भू संपदा नियामक प्राधिकार के अध्यक्ष



रांची (आजाद सिपाही) । झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने बीरेंद्र भूषण को झारखंड भू संपदा नियामक प्राधिकार के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस संबंध में विभाग ने गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। झरेरा कर्मियों में खुशी की लहर है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.2 °c | 12.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



### प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर भाजयुमो का धरना

# युवाओं के भविष्य के साथ घोटाले में हेमंत भी हैं शामिल : बाबूलाल मरांडी

सीबीआइ जांच की मांग तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजयुमो की ओर से जेएसएससी प्रश्न लीक मामले को लेकर राजभवन के समीप एकदिवसीय धरना दिया गया। धरना में शामिल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएसएससी की परीक्षा की तिथि घोषणा से 2-3 दिन पहले से ही 35 से 50 लाख तक में प्रश्न बेचा जा रहा था। अभ्यर्थियों की बात सुनकर मन में बेचैनी होती थी कि झारखंड में क्या हो रहा है।

कहा कि यह सरकार सिर्फ बच्चों, नौजवानों का भविष्य ही नहीं, झारखंड का भी भविष्य बर्बाद करने में लगी है। कहा कि यह पहले भी ऐसी कई तरह की परीक्षाओ में गड़बड़ी सामने आयी थी, लेकिन हेमंत सरकार मानने को तैयार नहीं थी, लेकिन छात्रों ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया, तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा। ये बातें शुरू से कह रहा था लेकिन आज इडी ने हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए 539 पन्नों की जो जानकारी कोर्ट में दी है, उसमें लिखा गया है कि हेमंत के करीबी मित्र आर्किटेक्ट विनोद सिंह के मोबाइल और घर से एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं, जिन्हें पैसे लेकर बहाल किया जाना था। कहा कि राज्य सरकार को बताना चाहिए कि विनोद सिंह कौन है? कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मांग करते हैं कि बिना विलंब इस घोटाले की की जांच सीबीआइ से कराने की अनुशंसा करें।




**इनकी रही मौजूदगी :** भाजयुमो रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह, अशोक बड़ाइक, वरूण साहू, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, रूपेश सिन्हा, भूपेंद्र सिंह, सूर्यप्रभात, नीरज सिंह, जीतेंद्र सिंह पटेल, राजू सिंह, रोहित सिंह रॉनी, पवन पासवान, पूजा सिंह, सुरेश शर्मा, रंजीत नाथ, कुंदन कुमार, सचिन साहू, धर्मवीर सिंह, साहित्य पवन, सुभम जयसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

### भ्रष्ट सरकार से युवा परेशान: शशांक

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि आज झारखंड का हर युवा छात्र इस भ्रष्ट सरकार से परेशान और तंग हो चुका है। कहा कि 5 लाख का वादा कर के सत्ता में आयी सरकार ने झारखंड के युवाओं की चिंता नहीं की , बेरोजगारी भत्ता देने का झूठा वादा झारखंड के युवाओं से किया। कहा कि आज हालत ये है एक परितियोगिता परीक्षा भी सफलता से ये लुटेरी सरकार नहीं करवा पा रही है, सिर्फ युवाओं को केस से डराने का प्रयास ये सरकार कर रही है।

## मेधा घोटाले की सीबीआइ जांच हो : कुणाल



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच में अब मेधा घोटाला भी सामने आ रही है। जमीन, खनिज, शराब के बाद अब मेधा घोटाले की बात सामने आने पर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने झारखंड सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर राज्य सरकार हो घेरा। षाड़ंगी ने कहा कि जिस 8.46 एकड़ जमीन के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने हिरासत में लिया है। उसमें जिस दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने आवास से इडी अधिकारियों के आने के पहले 40 घंटे तक रहस्यमय तरीके से गायब रहे थे, उसी दिन उन्होंने राजस्व विभाग से 8.46 एकड़ की विवादास्पद जमीन की जमाबंदी रद्द कर दी।

## मुख्यमंत्री से मिली डॉ अजिता भट्टाचार्य



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में डॉ अजिता भट्टाचार्य, सदस्य, झारखंड लोक सेवा आयोग ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## मतदाता जागरूकता अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया कि मतदान हमारा अधिकार है और जिम्मेवारी भी। एक्सटेंपोरे, क्विज और स्टोरी टेलिंग का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर सोनाली, डॉ अभयकृष्ण सिंह, डॉ सूची संतोष बरवार समेत अन्य उपस्थित थे।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें, व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, कर्मक्षेत्र मंक उलझनों से राहत मिलेगी।

**वृष** — नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कोई नई-नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौपी जायेगी।

**मिथुन** — धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे, धन लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** — व्यस्तता अधिक रहेगी, बाहरी यात्रा का योग है, गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह** — वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें, वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, दुर्घटना होने की आशंका।

**कन्या** — मन में वैचेनी रहेगी, अपने वाणी व गुस्से को नियंत्रित रखें। प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**तुला** — घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है। विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी।

**वृश्चिक** — व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी होगी।

**धनु** — परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा। रिश्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**मकर** — शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी। जो आगे चलकर लाभप्रद सिद्ध होगी।

**कुंभ** — लम्बे समय से चली आ रही चिन्ता समाप्त होगी। संतान आज्ञाकारी रहेगी।

**मीन** — किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें।

# नक्सली मुठभेड़ में शहीद जवानों को सैल्यूट

### परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन, पुलिस लाइन में पसरा मातम

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** नक्सली मुठभेड़ में शहीद जवानों को डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने सैल्यूट किया। इस मौके पर परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। पुलिस लाइन में मातम पसर गया। पुलिस लाइन में आयोजित शोकसभा में एडीजी संजय लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज, आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, डीआइजी सुनील भास्कर, डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन समेत अन्य पदाधिकारियों ने शहीद जवान शुकन राम और सिकंदर सिंह को नम आंखों से विदाई दी। पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला पुलिस बल के जवानों ने शस्त्र झुकाकर दिवंगत शहीद जवानों को सलामी दी। इस मौके पर उपस्थित परिजनों के दहाड़ मारकर रोने बिलखने के कारण पूरा माहौल गमगीन हो गया।



**आइजी-डीआइजी ने किया स्थल निरीक्षण :** पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज और पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील भास्कर ने नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### नक्सलियों की यह कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण: डीजीपी

पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने शहीद जवानों के परिजन से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही सहायता राशि देते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया। कहा कि अफीम की खेती चतरा, खूंटी के अलावा अन्य स्थानों में की जाती है। इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग, वन विभाग मिलकर हर साल अभियान चलाता है। इसमें कुछ नुकसान होने की भी संभावना रहती है या कुछ सफलता भी मिलती है। इस अभियान में कुछ चूक हुई है, जिसके कारण दो जवान शहीद हो गये। एक जवान घायल है, जिसका इलाज चल रहा है।

## ओरमांझी में खड़े ट्रक में लगी आग अफरा-तफरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के ओरमांझी में गुरुववार सुबह खड़े ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। आग की लपटे इस कदर बढ़ी की कुछ ही मिनटों में ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। ओरमांझी के चुटुपालू टीओपी के पास रांची-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर खड़ी ट्रक पर भीषण आग लग गयी, जिससे ट्रक जलकर खाक हो गया। मौके पर फायर ब्रिगेडियर की टीम पहुंची और आग में काबू पाया गया। वहीं, मौके पर पुलिस पहुंच कर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। ट्रक में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### पीएम आवास योजना फ्लैट निर्माण

# कंपनी के कोऑर्डिनेटर पर मुकदमा दायर कराया

कंपनी को काली सूची में डालने की अनुशंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गम्हरिया आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत मिरुडीह के काशीडीह में शहरी क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन फ्लैट में कोताही बरतने के कारण कार्रवाई हुई है। श्रम अधिनियम कानून का नजर अंदाज करने और उलंघन करने के मामले में श्रमाधीक्षक अविनाश ठाकुर ने अविनाश इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी के को-ऑर्डिनेटर अमित त्रिपाठी से बार बार अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के लिए श्रमाधीक्षक ने कार्रवाई की है। अमित त्रिपाठी के विरुद्ध न्यायालय में नियोजन एवं विनियम अधिनियम धारा 1948, 1970, 1975, 1972 के अंतर्गत अनुपालन नहीं करने के तहत न्यायालय में अभियोजन मुकदमा दायर कर दिया है और अविनाश इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी रायपुर छत्तीसगढ़ को काली सूची में डालने के लिए श्रमायुक्त से अनुशंसा भी कर दिया गया है।

### टीआरएल संकाय में प्रफुल्ल राय की 98वीं जयंती मनायी गयी

# वैश्विक स्तर पर झारखंडी भाषाओं का विकास सुनिश्चित हो: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में नागपुरी भाषा विभाग के तत्वावधान में नागपुरी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार प्रफुल्ल कुमार राय की जयंती मनायी गयी। प्रफुल्ल जयंती के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो त्रिवेणी नाथ साहू ने प्रफुल्ल कुमार राय के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज का दिन संकल्प लेने का दिन है। नागपुरी भाषा साहित्य के उत्तरोत्तर विकास में नागपुरी भाषा के साहित्यकार प्रफुल्ल कुमार राय का बहुत ही बहुमूल्य योगदान रहा है। कहा कि फैकल्टी की बहाली जल्द की जायेगी। इसके लिए रोस्टर बनाकर भेजा जा चुका है। नागपुरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सविता केसरी ने प्रफुल्ल कुमार राय के साहित्यिक को उजागर करते हुए कहा कि हम नागपुरी भाषा-भाषी ऐसे महान व्यक्ति को पाकर धन्य हैं। टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उरांव ने कहा कि आज का दिन अविस्मरणीय है। हम ऐसे विद्वान की जयंती मना रहे हैं, जिनके संघर्ष का ही परिणाम है कि यह टीआरएल विभाग की स्थापना संभव हो पाया। डॉ खालिक अहमद ने कहा कि प्रफुल्ल कुमार राय की कविता आब नागपुर चुप नइ रही, आब नागपुर बोली को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रफुल्ल दा जैसे सख्त का मिलना मुश्किल है। विशिष्ट अतिथि डॉ नाफर अली ने कहा कि प्रफुल्ल कुमार राय अपने आप में एक अथाह समुद्र थे। डॉ दिनेश कुमार दिनमणि, शोधार्थी नमिता पूनम, विकी मिंज, डॉ रीझू नायक, डॉ गीता कुमारी सिंह, मनय मुंडा, डॉ रामकिशोर भगत, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, तारकेश्वर मुंडा, डॉ किशोर सुरीन, करम सिंह मुंडा समेत अन्य उपस्थित थे।



# माकपा का राजभवन मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा विपक्षी राज्यों की आर्थिक नाकेबंदी, केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग और देश के फेडरल चरित्र को दरकिनार कर विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों की संविधान विरोधी भूमिका के खिलाफ गुरुवार को सीपीआइएम ने झारखंड में केरल एकजुटता दिवस आयोजित किया। राजधानी रांची में राजभवन मार्च आयोजित कर केरल सरकार के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी और वहा के राज्यपाल की संविधान विरोधी भूमिका का विरोध किया। इस मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने की मांग की। राष्ट्रपति के नाम राजभवन को ज्ञापन सौंपा। राजभवन पर आयोजित विरोध सभा की अध्यक्षता पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा ने की।

**केंद्र कर रहा राज्यपाल का गलत इस्तेमाल :** राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष मुक्त भारत के एजेंडे को लागू करने की साजिश के तहत संविधान को ताक पर रखकर राज्यपालों का गलत इस्तेमाल कर रहा है। इसका ताजा उदाहरण केरल के राज्यपाल की शर्मनाक भूमिका में देखा जा सकता है। सभा को पार्टी के जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, सुफल महतो, सुभाष हेंब्रम, प्रफुल्ल लिंडा, सीपीआइ के अजय सिंह और भाकपा के विनोद लाहरी ने भी संबोधित किया। इसके पहले माकपा कार्यकर्ताओं ने शहीद चौक से जुलूस निकाला और नारे लगाते हुए राजभवन पहुंचे।

# भ्रष्ट आचरण राजनीतिक शुचिता का परिचायक नहीं: सुदेश महतो

युवा बेहतर भविष्य के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं

आजसू पार्टी का मिलन समारोहः झामुमो समेत कइयों ने थामा दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जो आरोप लगे हैं, अब उन आरोपों के सामने आने का दौर आ गया है। जल्द ही आरोपों से पर्दा हटेगा। सरकार और शासन में भयमुक्त अराजकता का पटाक्षेप होना तय है। जनादेश पाना और सत्ता में आना एक बात है। आज राज्य में अराजकता का माहौल है। सरकार अपने वादे से इतर भ्रष्ट इरादे दिखा रही है। राज्य और राज्यवासियों के प्रति समर्पण नहीं होने की वजह से निर्णय गलत हो जाते हैं। उक्त बातें केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कहीं। मिलन समारोह में पार्टी नेता मो जुबेर आलम के नेतृत्व में जेएमएम नेता डॉ पार्थ पारितोष और उनकी टीम समेत हटिया और रांची विधानसभा क्षेत्र के कई डॉक्टर, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वाले डॉ पार्थ पारितोष ने कहा कि सुदेश महतो द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों और विकास को लेकर प्रभावित होकर आजसू में शामिल हो रहा हूं। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय मीडिया संजोयक परवाज खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**इन्होंने ली सदस्यता :** मयंक पराशर, आकाश भाटिया, सुमित शर्मा, अभय पासवान, यश कुमार, शुभम कुमार, आकाश तिवारी, संकेत सिंह, दीपक कुमार सिंह समेत अन्य ने सदस्यता ग्रहण की।

# डाकघर से जुड़ी योजनाओं में जमा किये 34595 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुर्वा डाकघर में हुए वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में इसका मुख्य अपराधी एनएएस का एजेंट है, जिसे राज्य सरकार के द्वारा नियुक्त किया गया था। इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। इसके साथ ही डाक विभाग ने चार विभागीय कर्मचारियों को इस मामले में निलंबित किया है। लोक शिकायत और दावों की जांच के लिए डाक विभाग ने व्यवस्था बनायी है, जहां शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है। उपरोक्त आशय की जानकारी केंद्रीय संचार राज्यमंत्री देबू सिंह चौहान ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में दी। सांसद श्री सेठ ने लोकसभा में झारखंड में डाकघर के द्वारा खोले गये खातों, योजनाओं में जमा की गयी धनराशि, डाकघर में हो रही वित्तीय गड़बड़ी से संबंधित मामले को लोकसभा में उठाया था।




केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत खाता खुलवाने और राशि जमा करने में लोगों ने बड़ी अच्छी रुचि दिखायी है। विभिन्न योजनाओं को लेकर झारखंड में बेहतर संचालन भी किया गया है। डाक विभाग के माध्यम से संचालित हो रही योजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री ने राज्य का जिलावार ब्योरा भी उपलब्ध कराया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इन विभिन्न योजनाओं में झारखंड के लोगों ने डाकघर में 34595 करोड रुपये जमा किये हैं। जिन योजनाओं की राशि आमलोगों के द्वारा झारखंड के डाकघरों में जमा की गयी है। सांसद संजय सेठ ने इस जवाब के बाद बताया कि मोदी सरकार की व्यवस्थाओं के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ा है। यही वजह है कि सिर्फ झारखंड में इतनी बड़े पैमाने पर लोगों ने डाकघर में खाते खुलवाये और उसमें राशि भी जमा की।

# 2023-24 में 257 किमी एनएच का लक्ष्य: गडकरी

राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए राज्य को विगत तीन वर्षों में मिले 8588 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में झारखंड राज्य में कितने किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण का प्रस्ताव है। विगत तीन वर्षों में कितनी धन राशि निर्धारित की गयी, कितनी निर्गत की गयी। श्री साहू के तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान झारखंड राज्य में 257 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण का लक्ष्य है। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने विगत तीन वर्षों में झारखंड के सभी जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव केलिए 8,588 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

### आरसीएस उड़ान के लिए 6 हवाई अड्डे नामित: केंद्रीय मंत्री

रांची (आजाद सिपाही)। सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में झारखंड के लोगों के लिए किफायती हवाई यात्रा और 2019 से अब तक घरेलू हवाई यात्रियों का वर्षवार आंकड़ा जाननी चाही। नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने पूरे देश में हवाई यात्रा को किफायती बनाने के उद्देश्य से अक्टूबर 2016 में क्षेत्रीय संपर्क योजना, आरसीए की शुरुआत की है। इस योजना के तहत क्षेत्रीय मार्गों पर परिचालन की लागत को कम करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्रों को रियायतों के माध्यम से समर्थन देकर क्षेत्रीय हवाई संपर्क को किफायती बनाने की परिकल्पना की है। बताया कि झारखंड में आरसीए उड़ानों के परिचालन, विकास के लिए 6 हवाई अड्डों को चिह्नित किया गया है, जिसमें बोकारो, दुमका, जमशेदपुर, हजारीबाग, देवघर और डाल्टनगंज शामिल है। जमशेदपुर और देवघर हवाई अड्डों से परिचालन आरंभ किया जा चुका है, जबकि भूमि संबंधी और अन्य मुद्दों के कारण हजारीबाग और डाल्टनगंज पर अभी विकास कार्य आरंभ नहीं हो पाया है। बोकारो और दुमका के लिए लाइसेंसिंग कार्य प्रगति पर है।

# परीक्षा में गड़बड़ी रोकने का बिल

प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल, पेपर लीक और दूसरी गड़बड़ियां रोकने के लिए लाया गया लोकपरीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक 2024 में एक गंभीर समस्या से निपटने की कोशिश की गई है। यह विधेयक मंगलवार को लोकसभा से पारित हो गया और अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाना है। लोकसभा में इस पर बहस के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष का जो रचनात्मक रुख रहा और जिस तरह की स्वस्थ बहस इस पर हुई, उसकी भी तारीफ की जानी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में सरकारी नियुक्तियों के लिए होने वाली परीक्षाओं में गड़बड़ियों का जैसे ट्रेंड ही चल पड़ा है। बड़ी संख्या में युवा दिन-रात मेहनत करके इन परीक्षाओं में शिरकत करते हैं और फिर पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों की वजह से परीक्षाएं रद्द हो जाती हैं। सिर्फ पिछले साल की बात की जाये तो राजस्थान में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा, हरियाणा में ग्रुप डी पदों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट, गुजरात में जूनियर क्लर्क नियुक्ति परीक्षा और बिहार में कॉन्स्टेबल नियुक्ति परीक्षा इनमें शामिल हैं। जिस निरंतरता से और जितने बड़े पैमाने पर परीक्षाओं में गड़बड़ियां देखी जा रही हैं, उससे यह संदेह होना स्वाभाविक है कि इसके पीछे कुछ संगठित गिरोहों का हाथ है, जिनकी सिस्टम के अंदर तगड़ी घुसपैठ है। ऐसे में इसे रोकने के लिए निश्चित रूप से बड़े प्रयासों की जरूरत है। विधेयक में जिस तरह के कड़े प्रावधान किये गये हैं, वे सामान्य नहीं हैं। इनके अपने फायदे-नुकसान हो सकते हैं। हालांकि अच्छी बात यह है कि स्कूल-कॉलेजों की सामान्य परीक्षाओं को इससे बाहर रखा गया है और जो परीक्षाएं शामिल हैं उनमें भी स्टूडेंट्स और कैंडिडेट्स इस विधेयक के दायरे में नहीं हैं। फिर भी, ये प्रावधान इतने कड़े हैं कि इन पर अमल में विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। इनका दुरुपयोग कई स्तरों पर खासा नुकसानदेह साबित हो सकता है। मौजूदा हालात में इस समस्या के लिए नया कानून लाने के अपने तर्क हैं, जो खारिज नहीं किये जा सकते। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह काफी होगा? ध्यान में रखने की बात है कि जिन कार्यों और गतिविधियों को इस बिल में कवर किया जा रहा है, वे पहले से दंडनीय अपराध हैं और उनके लिए कानून की अलग-अलग धाराएं पहले से मौजूद रही हैं। इसके बावजूद अगर इतने लंबे समय तक और इतने बड़े पैमाने पर धांधलियां चलती रही हैं, तो वह सिर्फ कानून की कमी के चलते नहीं हुआ है। उसके पीछे कुछ न कुछ भूमिका कानून लागू करने की जिम्मेदारी निभा रहे लोगों और एजेंसियों की भी निश्चित रूप से रही है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि इस नये कानून के आने के बाद इसे लागू किस तरह से करवाया जाता है और यह वास्तव में कितना कारगर साबित होता है।

**हालांकि अच्छी बात यह है कि स्कूल-कॉलेजों की सामान्य परीक्षाओं को इससे बाहर रखा गया है और जो परीक्षाएं शामिल हैं उनमें भी स्टूडेंट्स और कैंडिडेट्स इस विधेयक के दायरे में नहीं हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने 300 पार का नारा दिया था और भाजपा ने 303 सीटें जीतीं। हां, कई विधानसभा चुनावों में भाजपा सीटों का घोषित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी। इसके समानांतर यह भी सच है कि भाजपा ने अपने नारे के अनुरूप या आसपास लक्ष्यों को प्राप्त भी किया है। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो भाजपा ने घोषणा की कि हम 50 प्रतिशत मतों के लिए लड़ रहे हैं और उसे 49.5 प्रतिशत मत तथा 63 सीटें प्राप्त हुईं।**

# मोदी के 370 और 400 सीटें जीतने के दावे का सच

**अवधेश कुमार**





संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए 400 सीटों की जो बात की उस पर गहन चर्चा स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री द्वारा संसद के रिकॉर्ड में इसे लाने के बाद इस बात का विश्लेषण आवश्यक है कि यह उनका वास्तविक आत्मविश्वास है या अति आत्मविश्वास। इस संदर्भ में पहला तर्क यही होता है कि पार्टियां चुनाव में विजय के बड़े-बड़े दावे करती हैं और इसे अस्वाभाविक नहीं माना जाता। प्रश्न है कि क्या मोदी ने केवल भाजपा और राजग के पक्ष में माहौल बनाये रखने के लिए बड़ा लक्ष्य दिया है? क्या वे विपक्ष को हतोत्साहित करना या डराना चाहते हैं? या धरातल पर ऐसे कुछ ठोस आधार या माहौल भी है?

2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने 300 पार का नारा दिया था और भाजपा ने 303 सीटें जीतीं। हां, कई विधानसभा चुनावों में भाजपा सीटों का घोषित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी। इसके समानांतर यह भी सच है कि भाजपा ने अपने नारे के अनुरूप या आसपास लक्ष्यों को प्राप्त भी किया है। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो भाजपा ने घोषणा की कि हम 50 प्रतिशत मतों के लिए लड़ रहे हैं और उसे 49.5 प्रतिशत मत तथा 63 सीटें प्राप्त हुईं। 2019 में भी विरोधियों और अनेक विश्लेषकों ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए लक्ष्य पर कटाक्ष किये थे। 2014 में कोई मानने को तैयार ही नहीं था कि भाजपा अकेले लोकसभा में बहुमत पा सकती है। किंतु ऐसा हुआ। जिस तरह 2014 और 2019 के अंकगणितीय आंकड़े के पीछे ठोस आधार और माहौल की भूमिका थी कुछ वैसा ही दूसरे रूप में 2024 चुनाव के पूर्व भी हम महसूस कर सकते हैं। सैफोलॉजी या चुनाव शास्त्र की दृष्टि से देखें तो सत्ता विरोधी रुझान की अभिव्यक्ति देने वाला विपक्ष आपसी एकता के लिए ही हाथ-पैर मार रहा है।

**यूपीए सरकार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2014 में अगले तीन दशक में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की बात कही थी।**

प्रधानमंत्री ने 2014 में सत्ता में आने के पूर्व देश की आर्थिक अवस्था, रक्षा, विदेश नीति से लेकर महिलाओं व युवाओं की स्थिति, समाज की सोच से लेकर प्रशासनिक कार्यक्षमता, भ्रष्टाचार आदि का अपनी दृष्टि से तुलनात्मक विश्लेषण किया। कुल मिलाकर उन्होंने यह कहा कि जिस देश का आत्मविश्वास तक उनकी सत्ता में आने के पूर्व डोल गया था, वह अब भविष्य की बड़ी शक्ति या विकसित भारत बनने के आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ गया है। ध्यान रखिए कि भाजपा ने श्री राम मंदिर आंदोलन के साथ 1989 में 2 लोकसभा सीटों से 89 तक की छलांग लगायी। लालकृष्ण अडवानी की रथयात्रा के बाद 1991 में हुए चुनाव में भाजपा ने 120 सीटों के साथ देश की दूसरी बड़ी पार्टी का स्थान प्राप्त किया। उस समय विरोधी खासकर मंडलवादी पार्टियों ने प्रचार किया था कि अडवानी की रथ यात्रा सामाजिक न्याय और आरक्षण के विरुद्ध है। इसके बावजूद भाजपा की सीटें 1991 में बढ़ीं। सन 2024 का लोकसभा चुनाव अयोध्या आंदोलन के पूर्णता पर पहुंचने की पृष्ठभूमि में हो रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देश और देश के बाहर भारतवंशियों के बीच देखा जा रहा माहौल अद्भुत है। ऐसा लगता है, जैसे देश में नये सिरे से आध्यात्मिक धार्मिक चेतना उत्पन्न हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शासन की नीतियों से मंडल और सामाजिक न्याय की अवधारणा को व्यावहारिक धरातल पर परिणत किया है। सामाजिक न्याय का राग अलापने वाली मंडलवादी पार्टियों के पास मोदी सरकार द्वारा पिछड़े, दलितों के लिए किए गए कार्यों तथा आर्थिक रूप से पिछड़े के लिए आरक्षण आदि का प्रत्युत्तर नहीं है। 1991, 96, 98 और 1999 के चुनावों में भाजपा ने मंडलवाद का इस तरह व्यवहार में उत्तर नहीं दिया जैसे मोदी सरकार के कार्यकाल में मिला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में लोगों को आवास, बिजली, पानी, मुद्रा योजना के तहत कर्ज, जनधन योजना के खातों में हो रहे धन स्थानांतरण, किसान सम्मान निधि बारे बताते हुए जो आंकड़े दिये प्रधानमंत्री ने भी उसकी चर्चा की और सामाजिक न्याय के संदर्भ में विपक्ष के लिए इसका खंडन संभव नहीं है। इस तरह श्री राम मंदिर, हिंदुत्व और सामाजिक न्याय व मंडलवाद के बीच मोदी सरकार ने सेतु बनाया और दोनों साथ बढ़े हैं। जब प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि पिछड़े की बात करने वालों की नीतियां पिछड़ा विरोधी रहीं, तो एक वर्ग उनमें विश्वास करता है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हिंदू समाज की जातीय सीमाओं को तोड़ रही है तो मंडलवाद और सामाजिक न्याय समर्थकों को भी लग रहा है कि मंडल और कमंडल का विभाजन केवल वोटों के लिए पैदा किया गया। यह असर कितना व्यापक है इसका एक प्रमाण नीतीश कुमार का पाला बदल भी है। इसीलिए उन्होंने जाति आधारित गणना से लेकर विधानसभा में 75 प्रतिशत आरक्षण का कानून पारित किया। श्री राम विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान वे भाजपा में आए, क्योंकि उन्होंने बिहार और देश में उसके प्रभाव को देखा है। मंडलवादी नेता की ऐसी सोच एक व्यक्ति की नहीं है। इसका असर लोकसभा चुनाव पर होगा।

प्रधानमंत्री के भाषण का मूल तत्व यही था कि पूर्व की सरकारों में आत्मविश्वास की कमी थी, वे लोगों की क्षमता पर भी विश्वास नहीं करते थे, दिशा नहीं थी, परिवारवाद और भ्रष्टाचार में फंस थे, इस कारण भारत को जहां होना चाहिए वहां नहीं पहुंचा। इसके विपरीत उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया, परिवारवाद बढ़ने नहीं दिया तथा उम्मीद और आत्मविश्वास के साथ सही दिशा और नीतियां अपनायीं, जिस कारण भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने तीसरे कार्यकाल में भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था तथा 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की घोषणा की।

यूपीए सरकार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2014 में अगले तीन दशक में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की बात कही थी। इसके अनुसार भारत 2044 तक तीसरी अर्थव्यवस्था बनता। यहीं से उन्होंने आज के कदमों को अगले 1000 वर्ष तक के प्रभावों की आधारभूमि बताया। उन्होंने कहा कि 2014 में आने के बाद हमने गड्ढे भरे, 2019 से नवनिर्माण की नींव डाली और अब पुर्नमार्ण करेंगे। यह भी कि श्रीराम मंदिर हमारी संस्कृति और गौरव को ऊर्जा देता रहेगा। इसका अर्थ समझने की आवश्यकता है। यानी 1000 वर्ष से भी पहले एक प्रक्रिया भारत में शुरू हुई, विदेशी आक्रमणकारी आये, अर्थ लूटा, धर्मस्थल नष्ट किये और लाखों का निर्दयतापूर्वक धर्म परिवर्तन किया या मौत के घाट उतारा, स्वतंत्रता के बाद भी सरकारों ने उनको पलटने की कोशिश नहीं की। श्री राम मंदिर निर्माण के साथ वह प्रक्रिया पलट गई है। वैसी स्थिति पैदा नहीं होगी कि फिर वह त्रासदपूर्ण प्रक्रिया आरंभ हो। यानी अब भारत विकसित होगा, लेकिन यह शुष्क अर्थव्यवस्था नहीं, इसके पीछे भारत की सभ्यता, संस्कृति, अध्यात्म, सामाजिक समरसता का संपूर्ण योगदान होगा। जब प्रधानमंत्री ने विपक्ष को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आप सजा प्राप्त व्यक्ति का महिमामंडन करते हैं, तो किसी के पास कोई उत्तर नहीं था। उनका इशारा लालू प्रसाद यादव की ओर था जिनको कांग्रेस व विपक्ष की कई पार्टियां पूरा सम्मान दे रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप में कार्रवाई हो रही है वे सब एक-दूसरे का साथ दे रहे हैं, किंतु कार्रवाई जारी रहेगी। इस तरह उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में भी देश में 2 स्पष्ट पक्ष बनाए-जो भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रहा है तथा जो या तो भ्रष्टाचार के मुकद्दमों का सामना कर रहा है या ऐसे दूसरे का साथ दे रहा है। यह भी मतों के ध्रुवीकरण का एक कारक साबित होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण समारोह आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के लौहनगरी जमशेदपुर गोपाल मैदान में प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कोल्हान स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अथिति राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शामिल होंगे। कार्यक्रम में तीनों जिले के आबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पहली किस्त जारी करेंगे। गुरुवार को कार्यक्रम का सफल आयोजन को लेकर जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी किशोर कौशल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थल में निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानित जनप्रतिनिधियों और लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। सोनारी हवाई अड्डा से गोपाल मैदान तक सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त करने का टास्क दिया गया। सुरक्षा और विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो इसे लेकर हर स्तर पर पदाधिकारियों निर्देश दिया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शहर के सुरक्षा व्यवस्था में पुख्ता इंतजाम किया गया। प्रमंडल के तीनों जिले से आने वाले बड़ी संख्या में लोगों के आगमन और निकासी सुव्यवस्थित तरीके से हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कार्यक्रम के लिए प्रयाप्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, रूट चार्ट सहित अन्य जिले से आने वाले लोगों के आगमन के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपविकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, निदेशक एनईपी, डीटीओ, डीपीओ, डीपीआरओ समेत अन्य प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से निजात दिलाने के लिए टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने पहल शुरू कर दी। गुरुवार को मानगो गांधी मैदान में टाटा स्टील यूआईएसएल ने सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए नागरिकों के बीच महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा में जागरूकता बढ़ाने और ध्यान केंद्रित कराने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से इंटरैक्टिव और आकर्षक प्रदर्शन का उद्देश्य से सुरक्षित सड़क प्रथाओं के संबंध में महत्वपूर्ण संदेश दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एसएसपी किशोर कौशल,मानगो नगर निगम के आयुक्त सुरेश यादव, टाटा स्टील यूआईएसएल के टाउन ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस और रियल एस्टेट के वरिष्ठ महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा उपस्थित होकर कार्यक्रम का महत्व बढ़ाये। मौके पर सैकड़ो की संख्या में शहर के नागरिक भाग लेकर सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे जानकारी हासिल की। टाटा स्टील यूआईएसएल एक सुरक्षित व अधिक जिम्मेदार समुदाय के निर्माण की दिशा में अपनी पहल जारी रखने के लिए समर्पित है।

# चंपाई सोरेन के आगमन को लेकर झामुमो जिला कार्यकारिणी समिति ने की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम झामुमो जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक कदमा शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन में आयोजन किया गया। गुरुवार को जिला 20 सुत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष सह पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन कार्मकर के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के सभी वरिष्ट नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में शुक्रवार को गोपाल मैदान में राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के आगमन को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नेता व कार्यकर्ताओ को कई दिशा निर्देश दी गई। जिला 20 सुत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष सह पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन कार्मकर ने बताया प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का जमशेदपुर आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नेता और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। सोनारी एयरपोर्ट में झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का भव्य स्वागत किया जायेगा। साथ ही गोपाल मैदान में झामुमो के सभी नेता व कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहेंगे।

ताकि तीनों जिले से आने वाले लोगों को किसी तरह के कोई परेशानी ना हो। बैठक में अल्पसंख्यक आयोग के चैरमेन हिदायतुल्ला खान,राज्य गौ सेवा आयोग उपाध्यक्ष राजु गिरी, बदरूद्दीन, प्रमोद लाल, पुर्व सांसद सुमन महतो, आस्तिक महतो, मनोज यादव, बीरसिह सुरेन, सुनील कुमार महतो,योगेन्द्र कुमार निराला, कमलजीत कौर गिल,कान्हु समन्त, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती,बाघराय मार्डी,पिन्टु दत्ता,अरूण प्रसाद,विधासागर दास, चन्द्रावती महतो,राज लकड़ा,विनोद डे,कालू गोराई, लालटू महतो, श्यामल रंजन सिंह,पिन्टु लाल सहित अन्य शामिल रहे।

# अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने आदित्यपुर थाना का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलको ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार आदित्यपुर थाना पहुंच कर रूटीन कार्यों का निरीक्षण किया। गुरुवार को मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा ज्यादा कुछ नहीं काम करके दिखाना है। उन्होंने क्षेत्र में ब्राउन शुगर के बढ़ते प्रभाव को लेकर पूछे गये सवाल पर कहा अभी पदभार ग्रहण किये है। काम करने का तरीका जल्द ही दिखेगा। ब्राउन शुगर की वजह से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस पर वरीय पदाधिकारियों का सख्त निर्देश प्राप्त है। दोषियों को चिन्हित कर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। जरूरत पड़ी तो उनके खिलाफ सीसीए लगाई जायेगी। पूर्व से जो ब्राउन शुगर के कारोबार में संलिप्त रहे उनके गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। गुंडा पंजी में उनका नाम दर्ज किया जायेगा। एंटी ड्रग स्क्वाड को जड़ से मिटाना पहली प्राथमिकता रहेगी। खरसावां और कुचाई को लेकर भी विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। आने वाले कुछ दिनों में इसके व्यापक परिणाम देखने को मिलेंगा।

# उत्पाद अधीक्षक ने मिनी शराब फैक्ट्री का किया खुलासा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने पड़ी कार्रवाई की। गुरुवार को उत्पाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए ईचागढ़ में एक मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन कर दिया। उत्पाद विभाग की टीम ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र के खिरी गांव में छापेमारी कर लाखों की शराब बरामद की। मौके पर टीम ने शराब के लिए इस्तेमाल होने वाला एक पिकअप और एक कार भी जब्त कर लिया। इसके अलावा शराब की खाली बोतलें, ढक्कन और स्टीकर समेत अन्य सामान बरामद किया। हालांकि छापामारी के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार जारी है। राज्य के बाहर से सस्ती शराब लाकर उसे महंगे शराब की बोतलों में भरकर बेचा जा रहा ह। ै उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा अपनी टीम के साथ छापेमारी के दौरान कारवाई करते हुए मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। मौके पर अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव भी मौजूद रहे। विमला लकड़ा ने बताया जब्त शराब की बाजार में कीमत लगभग 12 से 15 लाख रुपये आंकी गई है। घर में शराब फैक्ट्री का खुलासा किया गया। रोजगार सेवक सदानंद महतो का बताया जा रहा है। बाहर से सस्ती शराब लाकर उसे महंगे शराब की बोतलों में भरकर बेचा जा रहा था। यह शराब शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेचा जा रहा था। फिलहाल टीम आगे की कार्रवाई कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
07

## आइये मां सरस्वती की वंदना करें



*माँ शारदे तुमको प्रणाम,*
*जीवन में भर देना ज्ञान,*
*मात पिता की सेवा करें हम,*
*पढ़ लिख कर हम बने महान।*
*माँ शारदे तुमको प्रणाम,*
*देश की सेवा भी हम कर पाएं,*
*यह आशीष तुम दे देना,*
*अपने प्राणों को बलि कर जाएं।*
*माँ शारदे तुमको प्रणाम,*
*शक्ति हमारे अंदर भरना,*
*भक्ति तुम्हारी सदा कर पाएं,*
*नेकी की युक्ति मेरे मन में*
*रखना।*
*माँ शारदे तुमको प्रणाम,*
*शिक्षा की ज्योत हम फैलाएं,*
*नर और नारी समान रूप से,*
*शिक्षित हों और पूजे जाएं,*
*इतना देना हमें वरदान,*
*माँ शारदे तुमको प्रणाम।।।*

(स्वरचित कविता, अभिलाषा, स्वतंत्र लेखिका- हिन्दी शिक्षिका, आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा)

# मुख्यमंत्री कल आयेंगे गढ़वा

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गढ़वा आगमन को लेकर उपायुक्त ने समीक्षा बैठक की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** 10 फरवरी को डुमरो गांव स्थित मैदान में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों संग कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम स्थल पर स्टेज की व्यवस्था, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, वीवीआईपी एंट्री, पेयजल और अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन, बैनर होर्डिंग, मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्ति, आमजनों के लिए एंट्री एग्जिट, लॉ एंड ऑर्डर समेत अन्य विषयों पर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को मुख्यमंत्री द्वारा प्रमंडल स्तर पर गढ़वा, पलामू और लातेहार के लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी में लगे पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाते हुए दिये गये निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा, जिससे कार्यक्रम को पूरी तरह से सफल बनाया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपार समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, गोपनीय शाखा प्रभारी-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, नजारत उप समाहर्ता निलेश कुमार मुरमू समेत सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# विधायक भानु ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** गुरुवार को भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में स्थित गोरेया बाबा का विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात कांडी मुख्य पथ से पंडा नदी तक पीसीसी पथ का भूमि पूजन, परसोडीह के बांसडीह कला में नल जल योजना का भूमि पूजन और ग्राम सिंहपुर में पंडा नदी पर पांच करोड़ के लागत से बनने वाला पुल का शिलान्यास स्थानीय बुर्जुग के हाथों अपने उपस्थिति में नारियल तोड़कर किया। इस दौरान केतार प्रखंड के जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, पंचायत के मुखिया मुंगा साह, भाजपा मंडल के अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद उपस्थित रहे। भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात सिंहपुर बस्ती में उक्त विधायक के द्वारा कार्यक्रम संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा महिला नेत्री मधुलता कुमारी, वरिष्ठ नेता भगत दयानंद यादव, विक्रम सिंह, राजू सिंह, रामप्रसाद कमलापुरी, महेशी वियार, नंदकिशोर प्रसाद, सतेंद्र ठाकुर, नंदू साह, अरविंद, राजेंद्र सहित अन्य लोग शामिल थे।

## गढ़वा से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला : नीतीश निशांत



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक सह मेराल बाल विकास परियोजना के प्रभारी सीडीपीओ नीतीश कुमार निशांत के स्थानांतरण के बाद उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद किया तथा उनके व्यवहार की सराहना की। लोगों ने कहा कि इनके व्यवहार के सभी कायल रहे। ये लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। इनके द्वारा पेंशनधारियों के हित में किये गये कार्य को हमेशा याद रखा जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार निशांत ने कहा कि गढ़वा में उन्हें बहुत कुछ सीखने व सिखाने का मौका मिला। उनका स्थानांतरण भले ही कोडरमा जिले के लिए हुआ है मगर गढ़वा की यादें सदैव हमारे साथ रहेगी। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, साकेत कुमार पांडेय, डॉ सुषमा ललिता बाखला, प्रमोद कुमार, शिव कुमार पासवान, ब्रजेश तिवारी, रामकुमार, एकता नाथ, स्वस्तिका रानी, मुरारी मिश्र, शैलेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# गढ़वा डीसी के नाम फर्जी फेसबुक आइडी सक्रिय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा डीसी के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर डीसी गढ़वा के आधिकारिक फेसबुक आईडी के फ्रेंड लिस्ट में शामिल लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने और आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिये है। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय को पत्र लिखकर उक्त मामला में संलिप्त अज्ञात व्यक्ति पर केस दर्ज करने और आरोपी को ट्रेस कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिया है। बता दें कि पिछले कुछ समय से डीसी गढ़वा नाम से यह फर्जी फेसबुक आईडी सक्रिय है। जिसके प्रोफाइल में एक महिला की तस्वीर लगी है। जिसे देखकर लोग चकित हैं।

## इंद्रदेव कुमार ने गृह रक्षक (होम गार्ड) में एक्सलेंट प्रथम रैंक लाकर प्रखंड जिला राज्य और देश का नाम रौशन किया



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के पूर्व मुखिया सह झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला के रंका प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी पति हरिशंकर भुईया के पुत्र इंद्रदेव कुमार ने गृह रक्षक (होम गार्ड) में एक्सलेंट प्रथम रैंक लाकर प्रखंड जिला राज्य और देश का नाम रौशन किया है। इंद्र देव कुमार बीएससी की पढाई कर रहे हैं। इस मौके पर इंद्रदेव कुमार ( 20 वर्ष) ने आगे की सपना के बारे में आजाद सिपाही को बताया कि उन्हें एसआई (सब इंसपेक्टर- दारोगा) बनना चाहते हैं।

## भंडरिया के नये थाना प्रभारी ने लिया प्रभार

भंडरिया । भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर के रूप में नये थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने लिया पुर्व थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा से पदभार। थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण करने के उपरांत पत्रकार वार्ता कर श्री सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अमन चैन शांति बहाल करना पहली प्राथमिकता रहेगी।

## नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नाम पोस्टर चिपकाये जाने के बाद लोगों में दहशत का माहौल




भंडरिया (आजाद सिपाही)। गढवा-भंडरिया प्रखंड मुख्यालय का नाक कहें जानें वाले इंदिरा गांधी चौक पर बुधवार की रात काफी लंबे अरसे के बाद नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नाम पोस्टर चिपकाये जाने के बाद जहां एक और लोगों में दहशत का माहौल है, वहीं यह घटना चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बन गया है कि भंडरिया नक्सलीयों से मुक्त होने तथा घने जंगलों से घिरे भंडरिया थाना क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस पिकेट होने के बावजुद इस तरह की घटना को अंजाम कैसे दिया गया। गुरुवार की सुबह इंदिरा गांधी चौक पर नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नाम हस्त लिखित पर्चा सटा देखा गया। सुचना पर भंडरिया पुलिस इंदिरा गांधी चौक पहुंच पर्चा को उखाड़ते हुए अपने कब्जे में कर थाना ले आयी। तथा जांच पडताल मे जुट गयी है। पर्चा में टुटी-फुटी शब्दों में बीडीओ सीओ कर्मचारी होश में आव तथा गरीब गुरबों को न सताओ, प्रखंड के मुखिया, सरपंच वार्ड गरीब के हित में काम करो, पुंजी पति शोषण दमन बंद करो, पुलिस मुखबिरी होश में आव आदि बातें लिखी हुई थी। साथ ही पर्चे मे विक्रांत गंझु नाम के साथ एक मोबाइल नंबर भी अंकित किया गया था। इस संबंध में इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया कि इंदिरा चौक पर चिपकाये गये पर्चे की जांच की जा रही है। जल्द हीं गुत्थी सुलझा ली जायेगी।

## पंचायत भवन के रंग रोगन को लेकर हमारे ऊपर राशि निकासी का आरोप लगाया गया है: मुखिया




हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। पंचायत सचिवालय हरिहरपुर में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह उर्फ निजू सिंह ने कहा कि पंचायत भवन के रंग रोगन को लेकर हमारे ऊपर राशि निकासी कि आरोप लगायी गयी है। हरिहरपुर पंचायत की पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा, जबकि मैं रंगरोगन के नाम पर किसी तरह का निकासी नहीं किया हूं। अतः जो आरोप लगायी गयी है, वह बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है इसका मैं खंडन करता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि पंचायत भवन सहित पंचायत के सभी विद्यालयों के चारदीवारी और भवन पर स्लोगन लिखे गये हैं, पर्यावरण से संबंधित तथा स्वास्थ्य जागरूक को लेकर, इसी से संबंधित राशि का निकासी किया गया है, जबकि आरोप रंगरोगन को लेकर किया गया है जो गलत है।

## राष्ट्रीय तेली महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू भवनाथपुर पहुंचे



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय तेली महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार साहू भवनाथपुर पहुंचे। उनके पहुंचते ही राष्ट्रीय तेली महा संगठन के युवा प्रखंड अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। तदोपरांत प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार साहू और जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने भवनाथपुर कपूर्री चौक पर जननायक कपूर्री ठाकुर जी को माल्यार्पण किया और समाज के लोगों से मुलाकात और बातचीत किया फिर वहां से केतार। प्रखंड के लिए रवाना हो गये। इस मौके पर संरक्षक सुदेश्वर साह, शिव चंद साह, बजरंगी साह,युवा कमिटी के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष उज्ज्वल गुप्ता, राकेश गुप्ता, संजय साह इत्यादि अन्य सभी लोग उपस्थित थे।


## जिला परिवहन कार्यालय, राँची

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, राँची से निबंधित व्यवसायिक वाहन जिनका पथकर भुगतान नहीं करने की स्थिति में महालेखाकार, झारखण्ड, राँची के अंकेक्षण दल द्वारा आपत्ति दर्शाया गया है।

अतः उक्त स्थिति में वैसे सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर अपने वाहन का पथकर का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए आपके विरूद्ध निलामपत्र वाद दायर किया जायेगा एवं वाहन का निबंधन संख्या को NOT TO BE TRANSACTED कर दिया जायेगा।

| Sl No | Regn No | Vehicle Class | SC/Laden Weight | Tax Due From |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AA3218 | 3WT | 4 | 30.09.2022 |
| 2 | JH01AA8906 | 3WT | 4 | 08.05.2021 |
| 3 | JH01AB7935 | 3WT | 4 | 30.10.2021 |
| 4 | JH01AF5932 | 3WT | 4 | 09.01.2022 |
| 5 | JH01AF8258 | 3WT | 4 | 07.05.2021 |
| 6 | JH01AG1679 | 3WT | 4 | 24.02.2022 |
| 7 | JH01AH4644 | 3WT | 4 | 26.01.2022 |
| 8 | JH01AJ6931 | 3WT | 4 | 30.12.2021 |
| 9 | JH01AK2828 | 3WT | 4 | 05.02.2022 |
| 10 | JH01AK3890 | 3WT | 4 | 10.05.2021 |
| 11 | JH01AN3942 | 3WT | 4 | 13.02.2022 |
| 12 | JH01AP3216 | 3WT | 4 | 24.01.2023 |
| 13 | JH01AP4798 | 3WT | 4 | 07.02.2023 |
| 14 | JH01AP6482 | 3WT | 4 | 16.02.2022 |
| 15 | JH01AQ8211 | 3WT | 4 | 16.01.2022 |
| 16 | JH01AQ9602 | 3WT | 4 | 21.01.2022 |
| 17 | JH01AR0579 | 3WT | 4 | 30.01.2022 |
| 18 | JH01AR1930 | 3WT | 4 | 08.02.2022 |
| 19 | JH01AR4178 | 3WT | 4 | 10.02.2023 |
| 20 | JH01AR6463 | 3WT | 4 | 05.03.2022 |
| 21 | JH01AS1755 | 3WT | 4 | 02.01.2023 |
| 22 | JH01AS7151 | 3WT | 4 | 08.02.2023 |
| 23 | JH01AT2543 | 3WT | 4 | 08.03.2022 |
| 24 | JH01AT6523 | 3WT | 4 | 04.01.2023 |
| 25 | JH01AU0759 | 3WT | 4 | 21.07.2021 |
| 26 | JH01AW5660 | 3WT | 4 | 14.03.2023 |
| 27 | JH01AX5626 | 3WT | 4 | 02.02.2022 |
| 28 | JH01AX9808 | 3WT | 4 | 22.05.2021 |
| 29 | JH01BB8044 | 3WT | 4 | 28.05.2021 |
| 30 | JH01BC6889 | 3WT | 4 | 06.05.2021 |
| 31 | JH01BE0498 | 3WT | 4 | 19.04.2021 |
| 32 | JH01BE3508 | 3WT | 4 | 12.02.2022 |
| 33 | JH01BF2682 | 3WT | 4 | 04.07.2021 |
| 34 | JH01BG2591 | 3WT | 4 | 05.11.2021 |
| 35 | JH01BG4020 | 3WT | 4 | 23.05.2021 |
| 36 | JH01BG6955 | 3WT | 4 | 10.04.2021 |
| 37 | JH01BH4902 | 3WT | 4 | 06.09.2021 |
| 38 | JH01BJ2419 | 3WT | 4 | 24.11.2022 |
| 39 | JH01BK6587 | 3WT | 4 | 24.01.2023 |
| 40 | JH01BK8548 | 3WT | 4 | 30.01.2022 |
| 41 | JH01BL0528 | 3WT | 4 | 19.09.2021 |
| 42 | JH01BL7496 | 3WT | 4 | 04.12.2021 |
| 43 | JH01BM1144 | 3WT | 4 | 08.04.2021 |
| 44 | JH01BM1328 | 3WT | 4 | 23.01.2022 |
| 45 | JH01BM2334 | 3WT | 4 | 03.08.2022 |
| 46 | JH01BN0531 | 3WT | 4 | 09.02.2022 |
| 47 | JH01BP7928 | 3WT | 4 | 15.10.2021 |
| 48 | JH01BQ1784 | 3WT | 4 | 18.08.2021 |
| 49 | JH01BQ3187 | 3WT | 4 | 10.12.2021 |
| 50 | JH01BR2091 | 3WT | 4 | 24.06.2021 |
| 51 | JH01BS7522 | 3WT | 4 | 08.06.2021 |
| 52 | JH01BT8210 | 3WT | 4 | 30.12.2022 |
| 53 | JH01BU0606 | 3WT | 4 | 23.05.2021 |
| 54 | JH01BU1954 | 3WT | 4 | 16.02.2023 |
| 55 | JH01BU2657 | 3WT | 4 | 16.02.2023 |
| 56 | JH01BU3872 | 3WT | 4 | 14.02.2022 |
| 57 | JH01BV6630 | 3WT | 6 | 06.09.2021 |
| 58 | JH01BV8378 | 3WT | 4 | 16.09.2022 |
| 59 | JH01BW0483 | 3WT | 4 | 08.04.2021 |
| 60 | JH01BW4526 | 3WT | 4 | 06.04.2021 |
| 61 | JH01BX3981 | 3WT | 4 | 18.02.2023 |
| 62 | JH01BY3090 | 3WT | 4 | 17.01.2022 |
| 63 | JH01BY7531 | 3WT | 4 | 19.03.2022 |
| 64 | JH01BZ4223 | 3WT | 4 | 19.05.2021 |
| 65 | JH01CA3582 | 3WT | 4 | 14.04.2022 |
| 66 | JH01CA9831 | 3WT | 4 | 19.07.2022 |
| 67 | JH01CB9899 | 3WT | 4 | 27.04.2021 |
| 68 | JH01CD3081 | 3WT | 4 | 25.01.2023 |
| 69 | JH01CD5952 | 3WT | 4 | 30.04.2021 |
| 70 | JH01CE2848 | 3WT | 5 | 15.01.2022 |
| 71 | JH01CE4205 | 3WT | 4 | 17.12.2021 |
| 72 | JH01CE4261 | 3WT | 4 | 01.03.2022 |
| 73 | JH01CF1943 | 3WT | 4 | 18.04.2021 |
| 74 | JH01CH6830 | 3WT | 4 | 22.06.2021 |
| 75 | JH01CH8871 | 3WT | 4 | 09.03.2022 |
| 76 | JH01CL3056 | 3WT | 4 | 17.12.2021 |
| 77 | JH01CM1938 | 3WT | 4 | 24.12.2021 |
| 78 | JH01CN0833 | 3WT | 4 | 19.11.2021 |
| 79 | JH01CN2266 | 3WT | 4 | 23.11.2021 |
| 80 | JH01CN6046 | 3WT | 4 | 10.05.2021 |
| 81 | JH01CP0919 | 3WT | 4 | 13.12.2021 |
| 82 | JH01CP4998 | 3WT | 4 | 22.03.2023 |
| 83 | JH01CR1233 | 3WT | 4 | 31.01.2023 |
| 84 | JH01CR5745 | 3WT | 4 | 25.10.2022 |
| 85 | JH01CS3714 | 3WT | 4 | 25.02.2023 |
| 86 | JH01CS8729 | 3WT | 4 | 05.06.2022 |
| 87 | JH01CT2628 | 3WT | 4 | 23.03.2022 |
| 88 | JH01CT4598 | 3WT | 4 | 18.02.2023 |
| 89 | JH01CU1223 | 3WT | 4 | 03.08.2021 |
| 90 | JH01CU6777 | 3WT | 4 | 29.04.2021 |
| 91 | JH01CU7471 | 3WT | 4 | 27.10.2021 |
| 92 | JH01CU7653 | 3WT | 4 | 16.07.2022 |
| 93 | JH01CY1037 | 3WT | 4 | 04.09.2021 |
| 94 | JH01CZ2514 | 3WT | 4 | 12.12.2022 |
| 95 | JH01CZ4150 | 3WT | 4 | 30.08.2021 |
| 96 | JH01DA5218 | 3WT | 4 | 24.10.2022 |
| 97 | JH01DA6240 | 3WT | 4 | 24.10.2021 |
| 98 | JH01DA8742 | 3WT | 4 | 16.01.2022 |
| 99 | JH01DB4435 | 3WT | 4 | 11.02.2022 |
| 100 | JH01DC0608 | 3WT | 4 | 02.12.2021 |
| 101 | JH01DC8192 | 3WT | 4 | 07.12.2021 |
| 102 | JH01DE3014 | 3WT | 4 | 26.04.2021 |
| 103 | JH01DE3224 | 3WT | 4 | 28.02.2022 |
| 104 | JH01DF0442 | 3WT | 4 | 19.02.2022 |
| 105 | JH01DF1474 | 3WT | 4 | 11.02.2023 |
| 106 | JH01DF1752 | 3WT | 4 | 28.01.2022 |
| 107 | JH01DG2495 | 3WT | 4 | 27.03.2022 |
| 108 | JH01DG8453 | 3WT | 4 | 04.02.2022 |
| 109 | JH01DH2441 | 3WT | 4 | 11.04.2021 |
| 110 | JH01DH4963 | 3WT | 4 | 23.04.2021 |
| 111 | JH01DH7979 | 3WT | 4 | 08.04.2021 |
| 112 | JH01AB3123 | LGV | 1550 | 17.12.2022 |
| 113 | JH01AB3124 | LGV | 1550 | 17.12.2022 |
| 114 | JH01AB7911 | LGV | 2300 | 22.10.2021 |
| 115 | JH01AC2284 | LGV | 1550 | 11.11.2021 |
| 116 | JH01AC9288 | LGV | 2750 | 18.12.2021 |
| 117 | JH01AD2566 | LGV | 2880 | 15.12.2022 |
| 118 | JH01AD6638 | LGV | 2610 | 11.01.2023 |
| 119 | JH01AD6643 | LGV | 2610 | 11.01.2022 |
| 120 | JH01AD9632 | LGV | 1550 | 03.03.2022 |
| 121 | JH01AE3506 | LGV | 2510 | 07.01.2022 |
| 122 | JH01AE3878 | LGV | 2750 | 27.08.2021 |
| 123 | JH01AE4667 | LGV | 2750 | 30.03.2023 |
| 124 | JH01AE5817 | LGV | 1800 | 15.04.2021 |
| 125 | JH01AE9784 | LGV | 1800 | 25.02.2022 |
| 126 | JH01AE9973 | LGV | 2300 | 26.02.2022 |
| 127 | JH01AF0894 | LGV | 1550 | 19.05.2021 |
| 128 | JH01AF1344 | LGV | 1800 | 18.05.2022 |
| 129 | JH01AF3861 | LGV | 1550 | 02.06.2022 |
| 130 | JH01AF4146 | LGV | 2800 | 29.04.2022 |
| 131 | JH01AF8511 | LGV | 2880 | 19.07.2022 |
| 132 | JH01AG1635 | LGV | 2950 | 12.06.2021 |
| 133 | JH01AG2292 | LGV | 2750 | 18.08.2021 |
| 134 | JH01AH2502 | LGV | 1550 | 28.09.2021 |
| 135 | JH01AH3483 | LGV | 1550 | 07.10.2021 |
| 136 | JH01AH6287 | LGV | 1550 | 25.10.2021 |
| 137 | JH01AH9502 | LGV | 2280 | 26.09.2022 |
| 138 | JH01AH9503 | LGV | 2280 | 25.09.2021 |
| 139 | JH01AH9540 | LGV | 2880 | 22.02.2022 |
| 140 | JH01AH9887 | LGV | 2950 | 10.11.2022 |
| 141 | JH01AJ1384 | LGV | 1550 | 19.11.2022 |
| 142 | JH01AJ2843 | LGV | 1550 | 21.09.2021 |
| 143 | JH01AJ3402 | LGV | 2750 | 02.12.2022 |
| 144 | JH01AK0297 | LGV | 2750 | 17.12.2022 |
| 145 | JH01AK0609 | LGV | 2300 | 28.12.2021 |
| 146 | JH01AK0611 | LGV | 2880 | 29.12.2021 |
| 147 | JH01AK1729 | LGV | 2880 | 12.01.2023 |
| 148 | JH01AK1997 | LGV | 2950 | 02.02.2022 |
| 149 | JH01AK3445 | LGV | 1550 | 29.01.2022 |
| 150 | JH01AK3446 | LGV | 1550 | 29.01.2022 |
| 151 | JH01AK4343 | LGV | 1550 | 30.09.2021 |
| 152 | JH01AK4825 | LGV | 2880 | 27.01.2023 |
| 153 | JH01AK6120 | LGV | 1550 | 15.02.2022 |
| 154 | JH01AK6322 | LGV | 2450 | 20.01.2023 |
| 155 | JH01AK6458 | LGV | 1550 | 16.02.2023 |
| 156 | JH01AK6468 | LGV | 2300 | 23.12.2021 |
| 157 | JH01AK9331 | LGV | 2880 | 26.02.2023 |
| 158 | JH01AK9341 | LGV | 1800 | 26.02.2023 |
| 159 | JH01AK9713 | LGV | 1550 | 27.02.2022 |
| 160 | JH01AK9806 | LGV | 1550 | 02.03.2022 |
| 161 | JH01AL5923 | LGV | 1800 | 11.04.2021 |
| 162 | JH01AL6290 | LGV | 1550 | 21.04.2021 |
| 163 | JH01AL6305 | LGV | 1550 | 27.04.2021 |
| 164 | JH01AL6896 | LGV | 1550 | 03.05.2022 |
| 165 | JH01AL7681 | LGV | 1110 | 29.04.2021 |
| 166 | JH01AL9481 | LGV | 2750 | 06.05.2021 |
| 167 | JH01AL9723 | LGV | 2950 | 13.05.2021 |
| 168 | JH01AM0562 | LGV | 2950 | 13.05.2022 |
| 169 | JH01AM1006 | LGV | 2880 | 12.05.2021 |
| 170 | JH01AM1105 | LGV | 2930 | 12.05.2021 |
| 171 | JH01AM1225 | LGV | 2750 | 29.04.2021 |
| 172 | JH01AM1228 | LGV | 2750 | 14.05.2021 |
| 173 | JH01AM1233 | LGV | 1800 | 19.05.2021 |
| 174 | JH01AM1649 | LGV | 1550 | 19.05.2022 |
| 175 | JH01AM6439 | LGV | 2880 | 02.06.2021 |
| 176 | JH01AM6665 | LGV | 1800 | 31.05.2022 |
| 177 | JH01AM6673 | LGV | 1800 | 03.06.2021 |
| 178 | JH01AM6678 | LGV | 2450 | 07.06.2021 |
| 179 | JH01AM6680 | LGV | 1800 | 31.05.2021 |
| 180 | JH01AM6684 | LGV | 2450 | 04.06.2021 |
| 181 | JH01AM6685 | LGV | 2450 | 14.06.2021 |
| 182 | JH01AM6942 | LGV | 1550 | 25.06.2021 |
| 183 | JH01AM6943 | LGV | 2180 | 25.06.2021 |
| 184 | JH01AM7104 | LGV | 1550 | 25.06.2021 |
| 185 | JH01AM7338 | LGV | 2750 | 28.06.2021 |
| 186 | JH01AM7339 | LGV | 1800 | 28.06.2021 |
| 187 | JH01AM7352 | LGV | 2880 | 24.06.2021 |
| 188 | JH01AM8316 | LGV | 1550 | 23.06.2021 |
| 189 | JH01AM8319 | LGV | 2750 | 08.07.2022 |
| 190 | JH01AM8714 | LGV | 1550 | 27.06.2021 |
| 191 | JH01AM8755 | LGV | 1550 | 04.03.2022 |
| 192 | JH01AM8973 | LGV | 2880 | 30.06.2021 |
| 193 | JH01AM9004 | LGV | 1800 | 30.06.2021 |
| 194 | JH01AN0722 | LGV | 2750 | 23.07.2021 |
| 195 | JH01AN0770 | LGV | 1550 | 15.07.2021 |
| 196 | JH01AN1117 | LGV | 1550 | 18.07.2021 |
| 197 | JH01AN1319 | LGV | 2750 | 07.07.2021 |
| 198 | JH01AN1803 | LGV | 2750 | 26.07.2021 |
| 199 | JH01AN2541 | LGV | 2880 | 09.07.2022 |
| 200 | JH01AN3688 | LGV | 2880 | 04.08.2021 |
| 201 | JH01AN4045 | LGV | 1550 | 09.08.2021 |
| 202 | JH01AN4632 | LGV | 2880 | 30.07.2021 |
| 203 | JH01AN5162 | LGV | 1550 | 17.08.2022 |
| 204 | JH01AN5653 | LGV | 2750 | 28.05.2022 |
| 205 | JH01AN6245 | LGV | 2880 | 12.08.2022 |
| 206 | JH01AN6549 | LGV | 1550 | 29.08.2021 |
| 207 | JH01AN6858 | LGV | 2750 | 31.08.2022 |
| 208 | JH01AN7285 | LGV | 2880 | 05.09.2022 |
| 209 | JH01AN7287 | LGV | 2880 | 04.09.2022 |
| 210 | JH01AN7305 | LGV | 1800 | 03.09.2021 |
| 211 | JH01AN7324 | LGV | 1550 | 05.09.2021 |
| 212 | JH01AN7331 | LGV | 2750 | 02.09.2021 |
| 213 | JH01AN9400 | LGV | 2930 | 29.08.2021 |
| 214 | JH01AN9534 | LGV | 2950 | 02.09.2021 |
| 215 | JH01AN9973 | LGV | 2750 | 19.09.2021 |
| 216 | JH01AP0292 | LGV | 2880 | 16.09.2021 |
| 217 | JH01AP0997 | LGV | 1550 | 23.09.2021 |
| 218 | JH01AP2296 | LGV | 1800 | 28.09.2021 |
| 219 | JH01AP3048 | LGV | 1800 | 13.10.2021 |
| 220 | JH01AP3051 | LGV | 2750 | 21.09.2021 |
| 221 | JH01AP3054 | LGV | 2880 | 09.09.2021 |
| 222 | JH01AP3079 | LGV | 2880 | 10.09.2022 |
| 223 | JH01AP3481 | LGV | 1800 | 18.10.2021 |
| 224 | JH01AP4272 | LGV | 2880 | 23.10.2022 |
| 225 | JH01AP4275 | LGV | 2880 | 24.10.2022 |
| 226 | JH01AP4458 | LGV | 1550 | 29.10.2021 |
| 227 | JH01AP4671 | LGV | 2750 | 24.10.2021 |
| 228 | JH01AP5958 | LGV | 1550 | 29.10.2021 |
| 229 | JH01AP6006 | LGV | 1550 | 31.10.2021 |
| 230 | JH01AP6013 | LGV | 1335 | 07.11.2021 |
| 231 | JH01AP6417 | LGV | 2880 | 03.08.2021 |
| 232 | JH01AP6454 | LGV | 2930 | 24.10.2021 |
| 233 | JH01AP7326 | LGV | 2880 | 10.11.2021 |
| 234 | JH01AP8607 | LGV | 1800 | 18.11.2021 |
| 235 | JH01AP8609 | LGV | 2880 | 15.11.2021 |
| 236 | JH01AP8855 | LGV | 1800 | 17.10.2021 |
| 237 | JH01AP9040 | LGV | 2750 | 04.11.2022 |
| 238 | JH01AP9857 | LGV | 1800 | 15.11.2021 |
| 239 | JH01AQ0877 | LGV | 2450 | 22.11.2022 |
| 240 | JH01AQ0878 | LGV | 2750 | 23.11.2021 |
| 241 | JH01AQ1827 | LGV | 2750 | 26.11.2021 |
| 242 | JH01AQ2080 | LGV | 2950 | 29.11.2021 |
| 243 | JH01AQ2081 | LGV | 1550 | 29.11.2021 |
| 244 | JH01AQ2236 | LGV | 2750 | 09.11.2021 |
| 245 | JH01AQ2736 | LGV | 1800 | 30.11.2021 |
| 246 | JH01AQ3239 | LGV | 2880 | 26.11.2021 |
| 247 | JH01AQ3241 | LGV | 1335 | 03.12.2021 |
| 248 | JH01AQ3351 | LGV | 2880 | 07.12.2022 |
| 249 | JH01AQ4027 | LGV | 2750 | 05.12.2022 |
| 250 | JH01AQ4028 | LGV | 2750 | 09.12.2021 |

PR 318271 (Transport)23-24*D

जिला परिवहन पदाधिकारी,राँची

## राहुल गांधी से मिले युवा कांग्रेस नेता अरुण सांगा



खूंटी (आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरूण संगा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खूंटी आगमन पर उनसे मुलाकात की और सरना कोड को मान्यता दिलाने में सहयोग करने की अपील की। युवा कांग्रेस नेता ने कांग्रेस से राष्ट्रीय नेता से अग्रह किया कि वे झारखंड के आदिवासियों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। यह जानकारी अरूण सांगा ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर दी।

## अशोक परियोजना पिपरवार यूनिट के तीन दर्जन कोयला मजदूरों को मिला प्रमोशन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना के पिपरवार युनिट मे कार्यरत करीब तीन दर्जन कोयला मजदुरो को प्रमोशन मिला है। जानकारी के मुताबिक पिपरवार युनिट मे कार्यरत कई विभागो के मजदुरो को प्रमोशन दिया गया है। कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग ने सभी मजदुरो को प्रमोशन लेटर देकर सम्मानित किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने बताया कि अशोक परियोजना के पिपरवार यूनिट से पम्प ऑपरेटर विभाग से मोहन गंझु, ईपी मजदुर एक्सावेशन केटेगरी दो विभाग से बिरेन्द्र गंझु, सिकेंद्र गंझु, इएंडएम हेल्पर केटेगरी दो विभाग से जुठन गंझु, प्रकाश गंझु, बलराम नायक, टिकेश्वर गंझु, रतन गंझु, ईपी फीटर कैटेगरी सी विभाग से रवि कुमार सिंह, शमशेर आलम, अमर कुमार, शिव कुमार उरांव, राजनाथ मुंडा, महेश, मनोज कुमार महतो, परमेंद्र नाथ सिंह, पलटा गंझु, राज कुमार, अजय, रविंद्र सिंह, राजकुमार लोहार, देवेंद्र प्रसाद और यमुना प्रसाद का नाम शामिल है। उन्होंने प्रमोशन प्राप्त करने वाले सभी कोयला मजदूरों को बधाई दी है। इधर प्रमोशन मिलने के बाद उक्त सभी कोयला मजदूरों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

## पीसीसी पथ निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रर्दशन



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड क्षेत्र के हेठकांची में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले 2.10 किलोमीटर पीसीसी पथ निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। पीसीसी पथ में गुणवत्ता में सुधार करने की बात कही, परंतु ठेकेदार दिलीप मेहता के द्वारा सरकारी आदेश को धता कर कार्य को किया जा रहा है। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद भी कार्य नहीं रोके जाने से ग्रामीणों ने विभाग को लिखित सूचना दिया है।

## डीएवी बचरा के बच्चों ने उठाया पिकनिक का आनंद



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों का वनभोज कार्यक्रम किरीगढ़ा दामोदर नदी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल के कई बच्चे और शिक्षक शामिल हुए। जानकारी के अनुसार यह पिकनिक का कार्यक्रम दो चरणो मे किया गया।पहले चरण मे कक्षा एलकेजी से कक्षा तृतीय तक के कुल 140 बच्चें शामिल हुए। वहीं दुसरे चरण में कक्षा चार से बारहवीं तक के 170 बच्चों ने भाग लिया। पिकनिक में स्कूल के बच्चो बच्चों ने जमकर मस्ती की और एक साथ बैठकर सामूहिक भोज का आनंद उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि इस प्रकार के वनभोज का आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का एक साथ मिल बैठकर प्राकृतिक की सुंदरता का आनंद लेते हुए खाना-पीना और मौज मस्ती करना है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्यक्रम मे स्कूल के बच्चों के साथ प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित कई शिक्षक भी शामिल हुए।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत स्थित मौसी बाड़ी मंदिर परिसर में रांची के सिंह मोड़ स्थित समर हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने मौसी बाड़ी मंदिर परिसर में पहुंच कर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई समर हॉस्पिटल के डॉ राजीव रंजन डॉ यूके मिश्रा प्रेमनाथ प्रभात ने मरीजों का इलाज किया तथा उन्हें निशुल्क दवा दिया गया। इस अवसर पर सरस्वती, मिद्धू, शिवानी, शारदा, अल्बीना, पिंकी, ऋतिक चौरसिया, आदि मौजूद थे।

# कुख्यात पीएलएफआइ उग्रवादी सनिका उर्फ बच्चा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। प्रतिबंधित उग्वादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया; पीएलएफआइद्ध के सक्रिय और विभिन्न मामलों में वांछित उग्रवादी सनिका कंडुलना उर्फ बच्चा उर्फ चकरा का पुलिस ने बुधवार को रनिया थाना के अंधुवाइल मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। तोरपा में अपने कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि फरार कुख्यात उग्रवादी सनिका कंडुलना रनिया थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है। सूचना के आलोक में एसपी के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टाए तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंहए रनिया के थाना प्रभारी सत्यजीत कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार मेहता और सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने बुधवार को अंधुवाइल मोड़ के पास छापा मारकर सनिका को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि सनिका उर्फ बच्चा के खिलाफ खूंटी जिले के रनियाए सिमडेगा जिले के कोलेबिरा और बानो और पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर थाने में हत्याए रंगदारीए पुलिस के साथ मुठभेड़ और 17 सीएलए एक्ट के तहत छह मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। एसडीपीओ ने बताया कि सनिका 2019 में पीएलएफ आइ उग्रवादी सामुएल कंडुलना के दस्ते में शामिल था। 2019 में कानारोवां गांव में पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में वह शामिल था और मुठभेड़ के बाद वह पकड़ा गया था। उस मुठभेड़ में पंडित नामक एक उग्रवादी मारा गया था। 202 में जेल से रिहा होने के बाद वह रोरे उर्फ सुखराम गुड़िया के दस्ते में शामिल हो गया। उसने ही सुखराम को एके47 हथियार दिया था। सुखराम की गिरफ्तारी के बाद वह हरियाणा भाग गया था। दिसंबर 2023 में वह अपने गांव रनिया थाना के उड़ीकेल बड़काटोली लौट आया और छिपकर रह रहा था।

# मंडेर में कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग कार्य कर रहे कंपनी का ग्रामीणों ने किया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र के मंडेर गांव में ग्रामसभा का आयोजन कर मंडेर कोयला ब्लाक में कोयले की खोज को लेकर साउथ वेस्ट पिनेकल एक्स प्लोरेशन लिमिटेड द्वारा किये जा रहे ड्रिलिंग कार्य का पुरजोर विरोध किया गया। इस ग्राम सभा का नेतृत्व सुष्मिता उरांव ने किया। सुष्मिता उरांव ने कहा कि कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग का काम जिस एजेंसी से करवाई जा रही है। उक्त एजेंसी द्वारा बिना ग्राम सभा की सहमति लिए मंडेर में किया जा रहा है। इसे लेकर कंपनी के संबंधित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को प्रलोभन देकर इस कार्य को संपन्न करने का असफल प्रयास किया जा रहा है, जबकि किसी भी ग्राम क्षेत्र में कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग कर शुरू किए जाने से पूर्व उक्त गांव के ग्राम सभा की सहमति लेना आवश्यक है, लेकिन कंपनी के अधिकारियों द्वारा ग्राम सभा के नियमों को उल्लंघन कर कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग का कार्य किये जाने का उपस्थित ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर ड्रिलिंग का काम बाधित कर दिया गया है, साथ ही ग्रामीणों द्वारा रैली निकाल कर उक्त कंपनी के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गयी। इस रैली में उक्त गांव के सैकड़ो महिला पुरूष ने कंपनी के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। इस मौके पर बालेश्वर उरांव, अनिल उरांव, कंचन देवी, मंगरू भगत, पन्नू गंझू, अनिता देवी, जगनी देवी, सरिता, सरमनी देवी, तिलक गंझू सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष शामिल थे। इधर कोयले की खोज को लेकर मंडेर में डिलिंग कार्य कर रहे संबंधित विभाग के अधिकारी सर्वेयर भागीरथ महतो ने कहा कि मंडेर कोयला ब्लॉक को लेकर ड्रिलिंग कार्य का प्रारंभ किये जाने से संबंधित आदेश की कॉपी हम लोगों के पास उपलब्ध है। ग्रामीण ग्रामसभा में आमंत्रित करते हैं तो हम उनके समक्ष आदेश की कॉपी उपलब्ध करा देंगे।

## चट्टी बरियातू से बचरा साइडिंग तक होनेवाले कोयला ढुलाई का ग्रामीणों ने किया विरोध



बैठक में शामिल स्थानीय ग्रामीण।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव में स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक सिमरिया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पिपरवार क्षेत्र के बिलारी, किचटो और कारो के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में चट्टी बरियातु से पिपरवार के बचरा साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई कार्य का ग्रामीणों ने एक स्वर में पुरजोर तरीके से विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में बिलारी से किचटो के रास्ते कोयला ढुलाई का कार्य नही होता था, लेकिन अब एक साजिश के तहत घनी आबादी वाले क्षेत्र से मनमानी तरीके से कोयला ढुलाई का काम करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी सभी नियमों को ताक पर रखकर कोयला ढुलाई करने का प्रयास कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। घनी आबादी वाले इस मार्ग से कोल वाहनों का परिचालन का ग्रामीणों ने पुरजोर तरीकों से विरोध करते हुए कंपनी से इस मार्ग पर कोयला ढुलाई नहीं करने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार, अनिल मुंडा, दिनेश महतो, दीपक महतो, अमर महतो, बीरेंद्र, उमेश राम, राजू राम, रमेश, सोहर, बाबू, सोमर, संतोष महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक ने किया निर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



ईचागढ़। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विरसा उच्च विद्यालय शंकराडीह नागासेरेंग परिसर में गुरुवार को विद्यालय का 41वां वार्षिक उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चे-बच्चियों द्वारा रंगा-रंग संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो उपस्थित हुए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से विधायक को शॉल ओड़ा कर और प्रतिक चिन्ह देकर कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक ने विद्यालय परिसर में विधायक योजना से निर्मित 13 लाख 62 हाजार 5 सौ रुपये की लागत सें दो कमरे का विद्यालय भवन का उद्घाटन विधिवत रूप से शिलापट्ट अनावरण कर किया। साथ ही विधायक ने खेलकूद में अब्बल हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान विधायक ने विद्यालय के छात्र छात्राओं का उज्जवल भविष्य का कामना किया। उन्होंने कहा शिक्षा के लिए मैं हमेशा तत्पर खड़ा हूँ विद्यालय का संचालन संस्था विरसा प्रगतिशील समिति के द्वारा आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी, ग्राम प्रधान सह सचिव दल गोविंद सिंह मुंडा, अध्यक्ष रीता मुंडा, सचिव मदन मोहन महतो, विजय कृष्णा महतो झामुमो तमाड प्रखंड अध्यक्ष हलधर आदि विद्यालय के शिछक गण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कौशल वर्धन के प्रयासों से युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करें: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को आपने कार्यालय में श्रम विभाग और नियोजनालय के तहत निबंधित श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में झारखंड भवन और अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में दिये गये लाभ और निबंधन से संबंधित जानकारी दी गयी। मौके पर श्रम अधीक्षक ने बताया कि भवन और अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत अब तक कुल निबंधन 33018 है। श्रमिकों का आधार सत्यापन की संख्या 3489 है। मौके पर झारखंड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का 75 फीसदी नियोजन अधिनियम, 2021 और नियमावली 2022 के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। बिरसा योजना कौशल विकास के केंद्रों की जानकारी डीसी ने ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कौशल प्रशिक्षण को लेकर जिले में बेहतर प्रयास किये जायें। कौशल वर्धन के प्रयासों से युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करने का उद्देश्य है। बताया गया कि वर्तमान में खूंटी जिले में अब तक एक लाख 12 हजार 399 श्रमिकों का निबंधन किया गया है। ई. श्रम के तहत तीन निबंधित श्रमिकों के 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 के दौरानद्ध दुर्घटना में मृत्यु के उपरांत उनके आश्रितों के आवेदन को उपायुक्त द्वारा अनुमोदित किया गया है। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 इस योजना के अंतर्गत चार श्रमिक के आश्रितों को पांच लाख 50 हजार रुपये का भुगतान किया गया। बाल श्रमिक अधिनियम 1986 के तहत इस वित्तीय वर्ष दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया तथा नियोजक द्वारा 20 हजार की दर से 40 हजार रुपये बाल श्रमिक सह कल्याण कोष खूंटी के जमा कराया गया है।

# उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। जिला स्तरीय टास्क फोर्स, जिला आपूर्ति कार्यबलद्ध की गुरुवार को हुई बैठक में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने धान खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में धान अधिप्राप्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। साथ ही खूंटी जिले में तीन महत्वपूर्ण धान अधिप्राप्ति केन्द्रों गनालोया लैंपस और रनियां लैंपस में अब तक असंतोषजनक अधिप्राप्ति को लेकर विशेष निर्देश दिये। इस पर उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने प्रखंड के सभी धान अधिप्राप्ति केन्द्रों का निरीक्षण करें तथा प्रतिवेदन जिला आपूर्ति कार्यालय को समर्पित करें। डीसी ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को यह निर्देश दिया कि वे तीन दिनों के अंदर प्रखण्ड स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की बैठक बुलायें तथा समिति के सभी प्रखंड स्तरीय सदस्यों को प्रखण्ड के सभी अधिप्राप्ति केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निदेश देंगे। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और मुरहू, कर्रा और रनिया के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खूंटी के सौरव कुमार बने झारखंड कबड्डी टीम के कप्तान, खेल प्रेमियों ने किया स्वागत




खूंटी (आजाद सिपाही)। हैदराबाद में आयोजित 49वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक और बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खूंटी के कबड्डी खिलाड़ी सौरभ कुमार को झारखंड कबड्डी टीम के कप्तान का दायित्व सौपा गया है। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के कुणाल भगत ने बताया कि खूंटी के खिलाडियों में हौसला की कमी नहीं है। खूंटी के बच्चे खेल के प्रति बहुत जागरुक है। खूंटी मे प्रति दिन कबड्डी का अभ्यास कराया जा रहा। इसके फल स्वरुप खूंटी के खिलाड़ी कप्तान बन कर झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। सौरभ कुमार के गुरुवार को खूंटी आने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर समाजसेवी और संघ के मुख्य संरक्षक दिलीप मिश्रा, खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रियांक भगत, सुशील संगा, नरेंद्र साहूए राजेश कुमार, कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के अध्यक्ष कुणाल भगत, कार्यकारी अध्यक्ष कुमार बृजकिशोर, सचिव, कोच आशा कुमारी, कोषाध्यक्ष सचिन कश्यप, कबड्डी एसोसिएशन के संरक्षक संतोष त्रिपाठी, विनय कश्यप, संजय, अजय, जयंत, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

## हरिशंकर सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि




खलारी (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्व हरिशंकर सिंह का गुरुवार को डकरा के संघ कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें एरिया के सभी श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों के अलावा मजदूर और आम लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके पहले दीप प्रज्वलित किया गया और दो मिनट मौन रखकर लोगों ने उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अध्यक्षता कोल फील्ड यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मिथलेश सिंह, संचालन डीपी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन टुपा महतो ने किया। शोक सभा को कमलेश सिंह, सुनील कुमार, शैलेश कुमार, बीएन पांडेय, गोलटेन प्रसाद यादव, सुनील सिंह, राघव चौबे, हरेंद्र सिंह, गुल्फी देवी अशोक सिंह, बुटन चौहान ने संबोधित किया।

## कोचांग जंगल से कीमती साल के 230 बोटे जब्त



खूंटी (आजाद सिपाही)। वन विभाग खूंटी द्वारा अड़की के कोचांग जंगल में लकड़ी तस्करों द्वारा तस्करी के लिए डंप किये गये कीमती साल लकड़ी के 230 बोटा को जब्त किया गया। सूत्रों के अनुसार तस्करी के लिए जंगल से ही साल वृक्षों को काटकर उनके बोटे वहां डंप किये गये थे। वन प्रमंडल पदाधिकारी कुलदीप मीणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि छह फरवरी को सूचना मिली थी कि वहां अवैध लकड़ियां डंप की गयी है। इस पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा छापामारी कर डंप की गई लकड़ियों को जब्त कर वन प्रमंडल कार्यालय खूंटी लाया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जब्त लकड़ियों का बाजार मूल्य लगभग चार लाख रुपये आंकी जा रही है।

## मैकलुस्कीगंज में सरिया लदे टेलर ने रेलवे बैरियर तोड़ा, बाल-बाल बचे लोग

मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैक्लुस्कीगंज में गुरुवार को एक सरिया लोड एक टेलर ने रेलवे बैरियर तोड़ दिया। गनीमत रही कि टेलर ने मैकलुस्कीगंज फाटक को रौंदते हुए जब सड़क पर दौड़ रहा था, तो कई लोग जान बचाते हुए भागने लगे। दर्जनों लोग सिर्फ उस मंजर को देखकर यह सोचने लगे कि अब क्या होगा। मामला गुरुवार शाम का है, रेलवे फाटक बंद था कि अचानक सरिया लदा टेलर बंद फाटक को तोड़ते हुए रेलवे लाइन क्रॉस करता है, दोनों फाटक तोड़ने के बाद सड़क पर टेलर को देखते हुए लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगते है। टेलर चालक का कहना था कि ब्रेक फेल हो गया था। घटना के बाद मैकलुस्कीगंज पुलिस चालक को मैकलुस्कीगंज थाना ले गयी है। वहीं मौके पर रेलवे पुलिस भी पहुंचकर कार्यवाही शुरू कर दिया है। मैकलुस्कीगंज की सड़कों पर जिस तरह से हाइवा सहित बड़ी बड़ी गाड़िया मौत बनकर दौड़ रही है, इसका विरोध तो मैकलुस्कीगंज सहित अन्य जगहों पर शुरू हो गया है, मैकलुस्कीगंज के लोग कई बार खासकर मैकलुस्कीगंज थाना सहित अंचलाधिकारी खलारी से कम से कम नो इंट्री लगाने की मांग करते रहे है।

## प्रशासन बंद शौचालय को दुरुस्त कर चालू नही कराया, तो झारखंड युवा मंच करेगा आंदोलन

इटकी(आजाद सिपाही)। इटकी बाजार परिसर पिछले कई महिनों से बंद पड़े शौचालय का निरीक्षण गुरुवार को झारखंड युवा मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम और प्रमुख किरण उरांव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान आलम ने प्रशासन से एक सप्ताह के अंदर शौचालय को दुरूस्त करने की मांग करते हुए लोगों को भी सरकार के भरोषे नही रह कर जनसमस्या के प्रति जागरूक रहने का अपील किया। उन्होंने चेताया है कि संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित समय पर बंद शौचालय को चालू नही किया गया तो झारखंड युवा मंच आगे कदम उठाने पर वाध्य हो जायेगा। इधर उप प्रमुख परवेज राजा ने लोगों को जल्द ही शौचालय को मरम्मत कर चालू करने का अश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में 15 वें वित आयोग द्वारा लाखों खर्च कर शौचालय का निर्माण कराया गया था। किंतु देखरेख के अभाव में शौचालय का टंकी टूट कर सिपेज करने लगी है, वहीं उपकरण खराब होने से पिछले चार माह से शौचालय बंद पड़ा है जिससे बाजार में दूरदराज से आए व्यापारी, किसान और महिलाओं को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण में मो० जाहीर, समसाद आलम, मुस्ताक अंसारी सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## डीलरों की शिकायत, अधिकांश बोरा का वजन 45-46 किलो से अधिक नहीं

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सरकारी गोदाम से राशन डीलरो को वगैर वजन के हीं गेहूं चावल की आपूर्ति की जाती है। वगैर वजन के आपूर्ति होने से कार्डधारियों के बीच राशन वितरण में डीलरो को घोर परेशानी का सामना करना पड़ता है। डीलरो की शिकायत है कि गोदाम से बिना वजन के डोर टू स्टेप डिलीवरी के तहत राशन की आपूर्ति की जाती है। राशन उठाव के दौरान चलान में प्रत्येक बोरा का औसत वजन 51- 55 किलो दशार्या जाता है पर हकीकत यह है कि अधिकांश बोरे में 45- 46 केजी हीं राशन रहता है। इसकी सुचना मिलने के बाद गुरूवार को जेबीकेएसएस के केन्द्रीय सदस्य सुमित महतो गोदाम पहुंचे तथा मौके पर उपस्थित डीलरो और बीएसओ से मिलकर मामले की पुरी जानकारी प्राप्त की। सुमित महतो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसओ से वजन कराकर राशन उठाव सुनिश्चित कराने का आग्रह किया। चेतावनी दिया कि दुबारा शिकायत मिलने पर आंदोलन किया जायेगा।

## बेड़ो में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम छह और सात बजे दौरान दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक अज्ञात विक्षिप्त महिला व एक युवक की मौत हो गई। पहली घटना बेड़ो साईं मंदिर रोड में हूटार गांव के समीप हुई, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार सरायकेला के धुंधाडीह गांव निवासी मंगल उरांव (32) की की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना रांची-गुमला मुख्य मार्ग के ईंटा चिल्द्री मोड़ के समीप घटित हुआ। जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक विक्षिप्त महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर बेड़ो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने साथ थाने ले लायी है। जिसे गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल दंपत्ति को बीडीओ ने पहुंचवाया अस्पताल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर खत्री खटंगा मोड़ के समीप गुरुवार अपराह्न चार बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मुरतो बेड़ो निवासी स्कूटी सवार दंपति राम प्रताप ठाकुर (75) और लीला देवी (72) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें वहां से गुजर रहे बीडीओ संग्राम मुर्मू ने 108 एम्बुलेंस से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दंपति बेड़ो बाजार से अपने घर लौट रहा था।

## सन्नी टोप्पो ने शादी के लिए किया आर्थिक सहयोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पहाड़ कंडरिया गांव निवासी केशव राम वर्मा की बेटी दुर्गी कुमारी का विवाह गुरुवार को बेड़ो के महादानी मंदिर में हुई। जिसमें लोहरदगा लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने आर्थिक सहयोग किया है। सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि नारायण महली, बिगलु उरांव व तरुण सिंह ने घर जा कर केशव राम वर्मा को सहायता देकर उसे विवाह में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं, सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि ने कहा कि क्षेत्र के गरीबों के लिए हमेशा मदद के लिए सनी टोप्पो हमेशा तत्पर रहते है। वहीं, स्वजनों ने कहा कि सन्नी टोप्पो से मदद मिलने पर अब बेटी की शादी संभव हो सकी। मौके पर केशव राम वर्मा, लीलावती देवी, कुमुद वर्मा, कुंवर सिंह, तीरथ राम, जगिंदर राम, बिनोद उरांव, बैजनाथ राम, कलिंदर गोप आदि मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रोगाडीह पतरा टोली गांव में गुरुवार को रांची के कैथोलिक चैरिटी की ओर से असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच मुखिया वीरेंद्र भगत के हाथों कंबल का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि कैथोलिक चैरिटी से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। वही संस्था के फादर विनय केरकेट्टा ने बताया कि चैरिटी लोगों के हित को देखते हुए कृषि और विकास का कार्य करने में प्रोत्साहित करती है। मौके पर उपमुखिया जीतिया उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बारीडीह में पड़हा समाज की हुई बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह पड़हा मैदान में गुरुवार को 12 व 21 पड़हा के तत्वाधान में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पड़हा समाज की मुख्य संरक्षक नीलमणी भगत ने की। बैठक में पदाधिकारियों ने कई बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए 11 फरवरी को केंद्रीय पड़हा संचालन समिति व पड़हा के मुख्य संरक्षक सह पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत की तृतीय पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें 12 व 21 पांच, सात व आठ पड़हा के साथ मांडर लापुंग व चान्हो के सभी पड़हा समिति के लोग उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष पुण्यतिथि पर झारखंड के आंदोलनकारी भी शामिल होंगे। बैठक में केंद्रीय पड़हा सचिव धनंजय कुमार राय, 12 पाड़हा के राजा विशाल उरांव 12 एवं 21 पड़हा के अध्यक्ष बंधना उरांव, चरवा उरांव, घीनू उरांव, सुका उरांव, विनोद उरांव, ईश्वर गोप, बंदे उरांव, दिवान बिरवा उरांव, विजय तिर्की, साधो उरांव, लीला मुंडा, रसीद मीर, दिलीप उरांव, कोटवार महेंद्र लोहरा आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का समापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पंजीकृत रांची जिला अंमैपरिषद के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद का दो दिवसीय मिनी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के संस्थापक सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ धनाकर ठाकुर थे। तुपुदाना स्थित डॉ ठाकुर के आवास में आयोजित दूसरे दिन के प्रशिक्षण शिविर में पूरे राज्य से 25 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यकर्ता बने। सर्वप्रथम डॉ ठाकुर ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में स्वयंसेवकों को परिषद की गतिविधियों से परिचय करने के उपरांत मिथिला के भूगोल (प्राचीन/आधुनिक) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में झारखंड में मैथिली को नियोजन नीति में सम्मिलित करने के लिए आंदोलन तेज करने के लिए सभी संगठनों के भाषा प्रेमी को आगे आने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्रदेश कार्यकारी सचिव चंद्र नाथ झा ने समाज के लोगों से अपने घर परिवार में मैथिली भाषा से ही बोलचाल करने की अपील की। आगंतुकों का स्वागत महासचिव अजय झा ने किया। जबकि अध्यक्षीय भाषण प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ झा ने किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषदक संविधान संशोधन कर नवीकरण करने की बात कही। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव पंकज कुमार झा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कोषाध्यक्ष बिलट पोद्दार ने किया। मौके पर रांची जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पोद्दार, उपाध्यक्ष यतींद्र लाल दास, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, गोविंद झा, सनत कुमार झा, सुशील कुमार मिश्र, धर्मेश्वर झा, विजय कुमार मिश्र, नित्यानंद मिश्रा, बिंदु ठाकुर, विवेकानंद झा, जमशेदपुर से कमल कांत झा, हंसराज जैन, कृष्णा कामत आदि उपस्थित थे।

## तस्लीम अंसारी बने झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा नगड़ी के अध्यक्ष

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा नगड़ी प्रखंड समिति की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष विनोद तिर्की की अध्यक्षता में हुई, जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिलाध्यक्ष मो फरीद खान, उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, सबीबुल अंसारी, सचिव सुजीत कुजूर, कोषाध्यक्ष रिचर्ड लकड़ा, महिला मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, नगडी प्रखंड उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, सफीक अंसारी, शाहिद आलम, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुकरमनी देवी, सोमारी उरांव हनीफ अंसारी आदि मौजूद थे। इस दौरान कमेटी का गठन किया गया, जिसमें तस्लीम अंसाली को नगड़ी का अध्यक्ष चुना गया।

### हटिया विधायक ने चार महत्वपूर्ण योजनाओं का किया शिलान्यास

# प्राथमिकता के आधार पर हो रहा विकास कार्य : नवीन जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



पिस्का गांव में पुल का शिलान्यास करते विधायक नवीन जायसवाल।

**पिस्कानगड़ी।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने गुरुवार को नगड़ी क्षेत्र में चार महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास शिलापट से कपड़ा हटाकर किया। इसमें नारो पंचायत के पिस्का गांव से बलालोंग को जोड़ने वाली स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण, साहेर पंचायत के सेमर टोली उपर मुहल्ला से रोड तक नाली निर्माण, नारो पंचायत में गोसाईं टोली में पीसीसी पथ निर्माण और नगड़ी में पिस्का स्टेशन के चांदनी चौक बाबू जेनेरल स्टोर से रोड तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर उपस्थित विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। राज्य में विरोधी सरकार के बावजूद हमने जनहित में कई योजनाओं को पास कराया। अभी कुछ योजनाएं करनी है जिसके लिये प्रयास जारी है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप अपने गांव की समास्याओं के प्रति सजग रहें और हमें बताएं। समास्या का निदान शीघ्र ही किया जाएगा। विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं से लोगों की समास्याओं को लिखित बद्ध कर उसका निदान करने का हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं होने पर तत्काल विधायक को बताने को कहा, ताकि समास्या का निदान किया जा सके। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, युवा समाजसेवी बजरंग महतो, अनिता देवी, शिला देवी, बिंदयाचल महतो, प्रेम पंचम किस्पोट्टा, गुलरेज अंसारी, अमर किस्पोट्टा जैकिसन महतो, संजय महतो, वीरेंद्र महतो, मिथिलेश कुमार, दिलीप तिर्की, बबलू महतो, मोहन महतो, राजू किस्पोट्टा आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## बंधु तिर्की के नेतृत्व में बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक से मिला एक प्रतिनिधिदल

**मानदेय सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का आग्रह**

आजाद सिपाही संवाददाता



बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक से वार्ता करते बंधु तिर्की व अन्य।

**लापुंग।** झारखंड स्टेट मानव दिवस एवं ऊर्जा मित्र समन्वय समिति रांची का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में गुरुवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केके वर्मा से मिला। उन्हें छह सूत्री मांग पत्र सौंपा और मानव दिवस कर्मियों की सभी समस्याओं का निराकरण करने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि बिजली विभाग में ग्रासरूट लेवल पर काम करने वाले झारखंड राज्य मानव दिवस कर्मी एवं ऊर्जा मित्र पूरी इमानदारी से काम कर रहे हैं। इनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उनके सभी समस्याओं का निराकरण करें, ताकि विद्युत विभाग के कर्मी नई ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन कर सकें। इस दौरान लापुंग सहित विभिन्न जगहों की समस्याओं से भी अवगत कराया गया। झारखंड राज्य मानव दिवस कर्मी एवं ऊर्जा मित्र समन्वय समिति रांची जिला के अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, सदस्य लाल विश्वनाथ शाहदेव, असलम मियां एवं फिरोज खान (लापुंग) ने अपनी मांगे रखते हुए कहा कि मानव दिवस कर्मियों का मानदेय पूर्व की भांति झारखंड ऊर्जा वितरण निगम द्वारा सीधे किया जाय। किसी भी मानव दिवस कर्मियों को संबंधित विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक के बिना अनुमोदन प्राप्त किए काम से नहीं बैठाया जाय। मानव दिवस कर्मियों की कार्य अवधि 60 वर्ष तक किया जाय। कार्य हम सभी कर्मी 30 दिन करते हैं और भुगतान केवल 26 दिनों का ही किया जाता है इसमें सुधार करते हुए 30 दिनों का पूरा भुगतान किया जाय।

## रातू में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**रातू (आजाद सिपाही)।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग के निर्देश पर गठित टीम ने गुरुवार को सीमलिया में छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में चार लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 37 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में पार्वती देवी, बंधना उरांव, राखी देवी और लछु तिर्की शामिल है। सभी सिमलिया व नयाटोला के रहने वाले है। छापामारी दल में अशोक प्रिय, कनीय विधुत अभियंता विधुत प्रशाखा इटकी, बेडो, मतीन अलाम, मादि कर्मी, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, रातू चट्टी, विवेक द्विवेद्वी, मादि कर्मी, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, रातू चट्टी, मिथुन कुमार सिंह, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, रातू चट्टी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे। मामले को लेकर सभी लोगों पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अधिकारियों ने कहा कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भाजपा अनगड़ा मंडल का गांव चलो अभियान को लेकर बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर में गुरुवार को अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में भाजपा का आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के गांव चलो अभियान के सफल संचालन को लेकर बैठक हुई। इसमें भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, अजय कुमार महतो, नरेश साहू आदि उपस्थित हुए। कहा गया कि गांव चलो अभियान के लिए शुक्रवार से 11 फरवरी तक प्रत्येक बूथ में 24 घंटा प्रवास के दौरान बैठक कर प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों की उपलब्धियों को बताया जाएगा। साथ हीं केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया जायेगा। मौके पर मंडल महामंत्री सुनील कुमार महतो, जगेश्वर महतो, दुर्गा महतो, मानेश्वर मुंडा, हेमनाथ महतो, अगमलाल महतो, संतोष कुमार महतो, अजय सिंह भोगता, पुशनाथ मुंडा, विष्णु महतो, हिमांशु शेखर चौधरी आदि थे।

### नामकुम में सैकड़ों अल्पसंख्यकों ने थामा भाजपा का दामन

# देश व राज्य का विकास केंद्र की मोदी सरकार में ही संभव हैः अशोक मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा का दामन थाने के बाद मौजूद अल्पसंख्य समुदाय के लोग व अन्य।

**नामकुम।** भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा की अध्यक्षता में नामकुम हुडवा पंचायत के निशितपुर राईडी ग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर गुरुवार को मुस्लिम एवं आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस दौरान अशोक मुंडा ने सभी का गुलदस्ता व भाजपा का पट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी। उन्होंने कहा कि केंद्र मों मोदी सरकार के काबिज होने से बिना बिचौलियों के आम लोगों तक केंद्र की सभी जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है। देश व राज्य की जनता समझ चुकी है कि मोदी सरकार में सभी का विकास संभव है। इस दौरान मुस्लिम व आदिवासी समुदाय के सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए। लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जिंदाबाद के नारे लगाये। इस दौरान जावेद खान, सुमन खान, मोइन खान, साजिद खान, लेलुन खातून, नाजा खातून, आसिफा खातून, आयशा खातून, चांदनी खातून, रोशन खातून, सलेहा खातून, साधु मुंडा, विशाल मुंडा, सूरज कुमार, भोला लोहरा, करण मुंडा, सोमरा मुंडा, गेब्रियल मुंडा, विशाल मंडा, संजय उरांव, बसंती देवी, मिनी देवी, सानिया परवीन, इतवारी देवी, पांचों देवी, पुष्पा देवी, शांति देवी, तितरी देवी, मनकी, सुकरो, तितली देवी, निशु कुमारी, सपना कुमारी, रंगा देवी, भारती देवी, निक्की देवी, तन्नू देवी, सपना देवी, बसंती कच्छप, शामिल थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, रवि सागर, प्रकाश मुंडा, अनीता कच्छप, विशाल मुंडा, धन सिंह मुंडा आदि थे।

## 45वां केंद्रीय श्री रामकृष्ण किसान मेले का शुभारंभ, अतिथियों ने दी विशेष जानकारी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय श्री रामकृष्ण किसान मेला का दो दिवसीय आयोजन गुरुवार से हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत भी उपस्थित थी। इस वर्ष मेले का थीम प्राकृतिक जैविक खेती से ही स्वास्थ्य मिट्टी, स्वास्थ्य फसल एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव पर है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रांची रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेषानंद जी महराज ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्वामी विवेकानंद की पुस्तक देकर सम्मानित करके किया। वहीं, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान सह वरिय वैज्ञानिक डॉ अजित सिंह ने मेले का परिचय दिया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने कृषि क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा प्रदर्शित तकनीकियों को जानकर मिट्टी एवं जल संरक्षण कर कृषि से आमदनी एवं पैदावार बढ़ाने का किसानों से आह्वान किया। जबकि झारखंड सरकार की पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव ने राज्य में परंपरा संस्कृति को बचाने, परंपरागत कृषि तकनीक को अपनाने एवं प्राकृतिक जैविक कृषि तकनीक द्वारा कृषि में उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया। समिति के निदेशक विकास कुमार ने दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों की जमकर सरहाना की और अनगड़ा क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए व किसानों को आत्मनिर्भर बनाने संबंधित जानकारी दी। वहीं, भारतीय जैव कृषि प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ संजय रक्षित ने दिव्यायन द्वारा प्रदर्शित प्राकृतिक जैविक खेती की मॉडल को देखकर किसानों को उत्साहित होकर कार्य करने का आह्वान किया। जबकि स्वामी भवेषानंद जी महराज ने स्वास्थ्य मिट्टी, स्वास्थ्य, फसल, एवं स्वास्थ्य समाज की परिकल्पना पर अपने बहुमुल्य विचार रखे। मेले में लमकाना विवेकानंद सेवा संघ को सर्वोत्तम विवेकानंद सेवा संघ का पुरस्कार दिया गया। साथ ही फसल प्रदर्शनी में कुल 410 फल एवं सब्जी के नमुने लाये गये। इसके अलावा विभिन्न संस्थानों से कुल 33 स्टॉल लगाये गये थे। मौके पर रामकृष्ण मिशन के ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महराज, निशिचितानन्द जी महराज, प्रमुख दीपा उरॉव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, राजेंद्र शाही मुण्डा, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, गेतलसुद मुखिया शांति मुंडा, हेसातु मुखिया, अनिता बरला, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, डॉ राजेश कुमार, डॉ मनोज सिंह, डॉ भरत महतो, डॉ नेहा राजन, डॉ अभिजित दत्ता, डॉ विशाल धोते, मेला सचिव कमल बेदिया, राजकुमार बेदिया, सुधू बेदिया, मालिया बेदिया, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, शिवा मुण्डा, देवनरायण बेदिया, अर्जुन बेदिया, प्रदीप महतो, सुरेश कुमार महतो, श्रवण मुखियार बसंत मुण्डा, बालेशवर महतो, लालो महतो, करमसिंह बेदिया, महेंद्र महतो, बुधेशवर उरांव, तुलसी महतो, सोमरा बेदिया, रोहित शाही, गम्भीर महतो, सुभांकर शाहा, सोनी कुमारी रसल तिर्की आदि मौजूद थे।

## गांव चलो अभियान के तहत टाटीसिलवे मंडल में बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** गांव चलो अभियान के तहत गुरुवार को टाटीसिलवे मंडल में बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने की। बैठक मनोज चौधरी उपाध्यक्ष भाजपा ग्रामीण जिला की उपस्थिति में की गयी। जिसका मुख्य उदेश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये गये कार्यों को गांव-गांव, जन-जन तक पहुंचाने एवं बूथ कमेटी को मजबूत करने को लेकर था। इसमें खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पहान, माधुरी देवी, राजेश यादव, गाजू महतो, श्रीदाम सिह मुंडा, अमित कुमार मिश्रा, रुद्रेश्वर राय, गिरधर मिश्र, गोवर्धन महतो, धंजय पांडेय, रमेश लकडा, प्रशांत किशोर, संतोष कुमार, संजू कच्छप, पाको देवी, रथू नायक, विजय महली, विजय महतो, सुरेंद्र महतो आदि थे।

# ...कैसे होगा इटकी मॉडल प्रखंड का सपना सकार

**प्रखंड बनने के 15 वर्ष बाद भी महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों की पदस्थापना नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता







**इटकी।** समय और वर्ष बदल गए। कई सरकारें आई और चली गई, लेकिन इटकी प्रखंड में कई महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों की पदस्थापना अब तक नहीं हो सका है। प्रखंड के बने 15 वर्ष बीत चुके हैं फिर भी कई महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों के पद रिक्त है। चद दिनों बाद पुनः प्रखंड अपना स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा पर यहां की बुनियादी सुविधा में कोई विशेष सुधार नहीं होगा। जिम्मेदार अधिकारी और जन प्रतिनिधि बनाये सिर्फ विभागों में रिक्त पद पर योजना बनाते रहे। पर ठोस कदम नहीं उठाये गये। परिणाम स्वरूप बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, कृषि जैसे कई अन्य विभागों में अधिकारियों की पदस्थापना नहीं की गई। प्रखंड के कई महत्वपूर्ण विभाग जो अब तक बेड़ो प्रखंड के अधिनस्त है। जिससे यहां के विकास कार्यो पर प्रतिकुल असर पड़ा रहा है। शहरी निकायों के साथ यहां के ग्राम पंचायतों को भी आत्म निर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए था। इस दिशा में राज्य सरकार प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये खर्च करती है। पर इस ओर अबतक किसी तरह की पहल नहीं की गई। सच्चाई यह है कि यहां के जन प्रतिनिधियों को इसका अनुमान और जानकारी भी नहीं है की अपना अधिकार कैसे लिया जाए। मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता जैसी अन्य बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है।

### इटकी प्रखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा पर प्रत्यनशील हूं : शिल्पी नेहा तिर्की

इटकी प्रखंड को आत्म निर्भर बनाने के दिशा पर प्रत्यनशील हूं। यहां विकास कार्यों पर भी विशेष फोकस है। पर प्रखंड की स्थापना 15 वर्ष गुजर जाने के बावजूद प्रखंड कार्यालय में कई विभाग के अधिकारियों की पदस्थापना नहीं की गई है जिससे यहां विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित है। पदस्थापना के लिए कार्मिक विभाग से बात हुई है। इस विषय पर मुख्यमंत्री को पत्रचार भी की हूं। सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक और योगदान के लिए अपील करती रहती हूं। वहीं, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने कहा कि इटकी को एक मॉडल प्रखंड का स्वरूप दिया जा सकता है। प्रखंड का दायरा छोटा है। यहां सभी प्रकार के संसाधन उपलब्ध है। आमजन की भागीदारी और योगदान रहा तो इटकी को एक विकसित मॉडल प्रखण्ड बनाया जा सकता है।

### ग्रामीणों की सहभागिता पर ध्यान देने की जरूरत

इटकी के लोगों द्वारा कई वर्षों तक आंदोलन व प्रयासों के बाद सरकार द्वारा इटकी को बेड़ो से अलग प्रखंड किया गया। जिसकी स्थापना वर्ष 2008 में किया गया था। प्रखंड में कुल नौ पंचायत है। इसमें 31 गांव शामिल है। यहां की आबादी करीब 65 हजार है। प्रखंड का अपना एक मॉडल भवन है। पंचायतों में चिकित्सा, यातायात, स्वच्छता, बिजली, स्ट्रीट लाईट, सीसी कैमरा, कूड़ेदान सहित अन्य मुलभूत सुविधाओं को धरातल में उतार कर जनमानस को लाभ पहुंचाने की जरूरत है। यहां आज भी जंगली हाथियों के आतंक से निवासी त्रस्त है। आए दिन घर तोड़ हाथी अनाज खा जाते हैं।

# मुखिया चिंता देवी ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के लोहरसी मुखिया चिंता देवी ने गुरुवार को 15 वें वित्त से पीसीसी पथ निर्माण का विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। पीसीसी पथ निर्माण गुलाबी साव के घर से लेकर नंदेव साव के घर तक होना है। मुखिया चिंता देवी ने कहा कि पूरे पंचायत क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। मैं अपने तरफ से पूरा प्रयास कर रही हूं की नाली निर्माण हो या सड़क निर्माण पंचायत के सभी गांवों में बारी-बारी से कार्य पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास की जवाबदेही उनकी है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह, वकील मियां, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, नागेंद्र कुमार, भीखू मियां, अब्दुल्लाह अंसारी आदि थे।

## मांग: शहर की खूबसूरती में ट्रैफिक लाइट बन रहा धब्बा

# फुटपाथ व्यवसायियों को वैकल्पिक व्यवस्था दे निगम: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए फुटपाथ व्यवसाईयों को जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं दी जाएगी तब तक शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं होगा। क्योंकि यह प्रतिदिन कमाने-खाने वाले व्यवसायी हैं। मैंने अपने कार्यकाल में वेंडर जोन के लिए कई स्थल चयनित किया था और उसके निर्माण के लिए राशि भी उपलब्ध करा दी गई थी जो अब भी निगम में पड़ा है। निगम तत्काल चार-पांच वेंडर जोन बनाएं। खुद-ब-खुद अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी और वेंडर व्यवसाईयों को सम्मान से व्यवसाय करने का स्थाई स्थल भी



प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

मिल जाएगा। प्रथम महापौर ने कहा कि मांस-मछली व्यवसाईयों के लिए भी नवाटोली तालाब के समीप एवं शहर के बीचोबीच बड़ा तालाब के सामने भूमि चयनित है जहां स्वच्छ एवं सुंदर मीट मछली मार्केट बनाया जा सकता है जिसका नक्शा बना हुआ है। राशि भी है। निगम को इस दिशा में भी कार्य करने की आवश्यकता है तभी हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ होगा और हमारे मीट-मछली व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों को स्थाई स्थल मिलेगा। ट्रैफिक पर बात करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि पहले पुलिस विभाग या निगम अपने ट्रैफिक लाइट ठीक कराए जो वर्षों से कहीं लाल, पीला, हरा दिन भर जलता रहता। जिससे बड़े शहरों से आने वाली गाड़ियां कंफ्यूज हो जाती है और मजाक भी बनता है। लाइट बनने के बाद ट्रैफिक लाइट रूल कड़ाई से पालन करने पर 90 प्रतिशत ट्रैफिक समस्या का समाधान हो जाएगा और कम पुलिस बल की आवश्यकता पड़ेगी। प्रथम महापौर ने कहा कि शहर का सबसे व्यस्ततम शहीद चौक (कचहरी चौक) से जाम से निजात पाने के लिए विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर बनाकर चैनपुर, शाहपुर, गढ़वा जाने वाली गाड़ियों को डाइवर्ट करना एकमात्र विकल्प है, जो हमारे कार्यकाल में मिनी फ्लाईओवर निर्माण के लिए बोर्ड से एजेंडा पारित भी है। निगम इसके निर्माण पर कार्य करें। प्रथम महापौर ने निगम द्वारा कुछ रूट की बसों के लिए बैरिया में अर्ध निर्मित बस स्टैंड को पूर्ण कर शिफ्ट किए जाने के फैसले का स्वागत किया है।

# धनबाद के डीसी वरुण रंजन ने एमपीएल पहुंच कर किया प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी वरुण रंजन ने गुरुवार को एमपीएल स्थित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मियों को सेफ्टी अवार्ड प्रदान किए और नव निर्मित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र, टीपीएसडीई सहित प्लांट का अवलोकन किया। डीसी ने मैथन में स्क्रैप से बने फ्रीडम स्क्वायर एवं स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। इस दौरन उन्होंने परिसर में पौधरोपण भी किया। डीसी ने जनहित में एमपीएल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि टाटा का कोर वैल्यू अतुलनीय है। एमपीएल जिले के लिए धरोहर है। उर्जा उत्पादन के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम सराहनीय है। सीएसआर अधिनियम बना भी नहीं था उससे पहले से ही टाटा अपने कोर वैल्यू को आगे रखा। युवाओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि एमपीएल द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। यह आपके सर्वांगीण विकास की कुंजी है। सामूहिक प्रयास पर जोर देते हुए उन्होंने जिला प्रशासन के साथ संयुक्त रुप से कई महत्वपूर्ण योजनाओं को चलाने की सलाह दी। वहीं, एमपीएल के सीइओ एवं चीफ ईआर जेनरेशन विजयंत रंजन ने कहा कि टाटा समूह अपने मूल्यों के लिए जाना जाता है। उद्देश्य सदैव सामाजिक कल्याण एवं विकास रहा है। युवाओं को कौशल और कुशल बनाने के हमारे प्रयास का प्रतिफल है कि युवा स्वरोजगार एवं स्वावलंबी बनने की दिशा में अग्रसर हैं। एमपीएल के सीइंओ विजयंत रंजन ने डीसी को बतौर अतिथि आफ द मंथ स्वागत किया। जनजातीय नृत्य के माध्यम से भी अतिथियों का स्वागत हुआ। मौके पर ओएसडी सुशांत मुखर्जी, एमपीएल के वरीय पदाधिकारी सुधाकर टंडन, डीके गंगवाल, आलोक कुमार, संदीप खेडवाल व अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# समाज के लोगों को शिक्षित-संगठित होने की जरूरत है : अरविंद राजभर



हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान में हुआ रजवार महासम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** के कपूर्री मैदान में अखिल भारतीय रजवार संघ के बैनर तले महासम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सह राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ अरबिंद राजभर शामिल हुए। कार्यक्रम से पूर्व सैकड़ो के संख्या में रजवार समाज के लोगों ने मोटरसाइकिल से रैली कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरा प्रखण्ड के मुखिया राजेश राजवंशी ने की संचालन ओम प्रकाश रजवार ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश से आए मुख्य अतिथि श्री राजभर ने कहा मेरा यहां आने का उद्देश्य हैं राजनीतिक ही नही बल्कि समाजिक चेतना को जगाना है। उन्होंने अपने समाज के लोगो से शिक्षा और संगठित होने की बात कही । हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 11 मुखिया होने की उपलब्धियों से समाज की एकजुटता पर बल दिया,सभी लोगो मुर्गा दारू और दूसरे अपना मताधिकार नही बेचने का संकल्प दिलाया ।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवंशी, बीरेंद्र राजवंशी,राजेश राजभर,बलिया से सुभाष राजभर,नरेश रजवार,मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी, महेंद्र राजवंश,शंकर रजवार,मंजू देवी,पूनम देवी,लल्लू रजवार,विजय रजवार के अलावा समाज के वरिष्ठ नेता समेत काफी संख्या में रजवार समाज के लोग उपस्थित थे।

# अभिभावकों के हर दुःख-सुख में साथ खड़ा है संत मरियम स्कूल : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वर्तमान समय में जब अभिभावक निजी स्कूल के नीति नियमो और प्रताड़ना से सदैव प्रताड़ित रहते है। उपरोक्त सोच के ठीक विपरीत संत मरियम स्कूल अपने विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों और अभिभावकों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहती है। विदित हो की बारालोटा निवासी 35 वर्षीय शैलेश दुबे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और असहय पीड़ा से कराह रहे है। उनको डॉक्टर ने ऑपरेशन करने को कहा है। पर शरीर में खून की कमी पाई गई। मामला की



जानकारी जब विद्यालय प्रबंधन को मिला तो त्वरित संज्ञान लेते हुए संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों के समूह ने एक यूनिट और पुनः प्राचार्य कुमार आदर्श द्वारा एक यूनिट रक्त का दान किया गया। इस अवसर पर अविनाश देव ने बताया कि विद्यालय में शैलेश दूबे जी के दो बच्चे पढ़ते थे। हमने एक बच्चें का ट्यूशन फी माफ किया और अभी वर्तमान में अध्यनरत छात्र का पूरे साल की फीस बाकी है। मगर इसके बावजूद हम लोगों ने हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया है। अविनाश देव ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे और अभिभावक हमारे परिवार के अभिन्न अंग है। उनके सभी सुख और दुख में साथ देना हमारा परम कर्तव्य है। विद्यालय के स्थापना काल से हम सभी इसे निभा रहें हैं। मौके पर रक्तदान करने वाले शिक्षक अंकित अग्रवाल, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय समेत सभी शिक्षक मौजूद रहें।

# टिकट काउंटर खुलवाने की मांग पर सांसद बीडी राम का भापजा मंडल ने जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज बाजार में रेलवे टिकट आरक्षण काउंटर खुलवाने की मांग पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के साथ पूरे भाजपा प्रखण्ड इकाई ने सांसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने बताया कि विगत दिनों सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इसमें हरिहरगंज बाजार में रेलवे का टिकट आरक्षण काउंटर खोलवाने की मांग भी शामिल है। इसे लेकर हरिहरगंज शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर बढ़ रहा है। विदित हो की पलामू सांसद विष्णु दयाल राम बीते 23



भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम।

जनवरी को दो सड़को का शिलान्यास करने के क्रम में मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में हरिहरगंज में रेलवे का टिकट आरक्षण काउंटर खोलवाने की मांग की गई थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए पलामू सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# शिक्षा के क्षेत्र में बून पब्लिक स्कूल का बेहतर योगदान : कर्नल संजय

बून पब्लिक स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला बून पब्लिक स्कूल में गुरुवार को 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ उपस्थित अतिथियों व विद्यालय प्रबंधन ने मां सरस्वती की तस्वीर को समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, विदाई गीत, अतिथियों का संबोधन, बच्चों का नृत्य, नुक्कड़ नाटक आदि रंगारंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक प्रसाद कश्यप और संचालन




प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पार मुख्य अतिथि कर्नल संजय सिंह ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि बून स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रयास किया जा रहा है जो सराहनीय है। वहीं, विद्यालय के निदेशक मयंक भूषण सिंह ने 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को सफलता का मंत्र बताया और जीवन में संघर्ष का रहस्य बताया। विद्यालय के सीईओ वीरेंद्र कुमार ने बच्चों को सफलता पाने तक मोबाइल की दुनिया से खुद को बचाने की नसीहत दी। इस मौके पर कैप्टन दुखन सिंह, सुधीर सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश्वर सिंह, कमला सिंह, जैकुश सिंह शिक्षक प्रेम कुमार, रीना पाठक, नीरज, सौरभ, रामवीर आदि फरहत आदि उपस्थित थे।

# गिरिडीह के दो थानों में 26 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** अवैध तरीके से बिजली चोरी करने वाले 26 उपभोक्ताओं के खिलाफ गिरिडीह के दो थानों में केस दर्ज कराया गया है। जिले के मुफ्फसिल थाना में जूनियर इंजीनियर के आवेदन पर 19 उपभोक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। वहीं, धनवार थाना में 7 उपभोक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें तारानाखो निवासी मो आलम, बलहारा निवासी सुधीर वर्मा, खुर्शीद मिंया, तुलसी प्रसाद मोदी, सरीना खातून शामिल है। दोनों थाना में दिए आवेदन में बिजली बोर्ड के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि छापामारी के क्रम में पाया गया कि सारे उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन कटे होने के बाद भी अवैध तरीके से बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे।

# स्पोर्ट्स



डेविस कप 2024 पर्ल्ड ग्रुप एक प्लेऑफ में पाकिस्तान को 4-0 से हराने के बाद भारत स्वीडन से भिड़ेगा। डेविस कप वर्ल्ड एक के ड्रॉ निकल चुके हैं जिसमें भारत का नाम स्वीडन के सामने आया है। वर्ल्ड ग्रुप-1 मुकाबले सितंबर महीने में खेले जायेंगें।

# डेविस कप में स्वीडन से भिड़ेगा भारत, सितंबर में होंगे वर्ल्ड ग्रुप मुकाबले

## पाकिस्तान को 4-0 से हरा कर किया था क्वालिफाइ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेविस कप 2024 वर्ल्ड ग्रुप एक प्लेऑफ में पाकिस्तान को 4-0 से हराने के बाद, भारत स्वीडन से भिड़ेगा। डेविस कप वर्ल्ड एक के ड्रॉ निकल चुके हैं, जिसमें भारत का नाम स्वीडन के सामने आया है। वर्ल्ड ग्रुप-1 मुकाबले सितंबर में खेले जाएंगे।

### पाकिस्तान को 4-0 से हरा कर वर्ल्ड 1 में पहुंचा

डेविस कप में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर वर्ल्ड ग्रुप-1 में अपनी जगह पक्की की। पहले दिन भारत ने 2 सिंगल्स मुकाबले जीते और दूसरे दिन एक सिंगल्स और एक डबल्स मैच में जीत हासिल की। भारत और स्वीडन के बीच डेविस कप में



पुरानी राइवलरी है। दोनों देशों के बीच पहला मुकाबला 1987 के डेविस कप फाइनल में हुआ था, जहां स्वीडन ने भारत को 5-0 से हराया था। तब से, भारत का ग्रुप स्टेज में दो बार (2000 और 2005) स्वीडन से सामना हुआ है और दोनों बार उसे हार मिली।

### क्वालिफाइंग ग्रुप के लिए खेलेगा भारत

भारतीय टीम क्वालिफाइंग ग्रुप में जाने के लिए सितंबर में वर्ल्ड ग्रुप-1 के मुकाबले खेलेगी। वर्ल्ड ग्रुप 1 में मुकाबले 24 टीमों के बीच होम और अवे में होंगे। फरवरी 2024 में क्वालीफाइंग ग्रुप में हारने वाली 12 टीमें और वर्ल्ड ग्रुप कप्लेऑफ में जीतने वाली 12 विजेता टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। क्वालिफाइंग ग्रुप में स्वीडन के खिलाफ जीतने के बाद मुकाबले जीतने वाली 12 टीमें डेविस कप का फाइनल खेलती है। इसमें कुल 16 टीमें होती है। जिसमें 12 क्वालिफाइंग ग्रुप से, 2 वाइल्ड कार्ड टीम और 2 पिछले साल के फाइनलिस्ट शामिल हैं। गौरतलब हो कि डेविस कप की शुरूआत ओलिंपिक गेम्स शुरू होने के चार साल बाद, यानी की 1900 में हुई थी। इसे टेनिस का वर्ल्ड कप भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें 5-6 प्लेयर्स की पूरी टीम हिस्सा लेती है। टीमों के खिलाड़ियों बीच मुकाबलों के बाद मैचों में जीत के आधार पर एक देश को विजेता माना जाता हैं। इस टूर्नामेंट में अब तक 16 टीमें चैंपियन बनी हैं। सबसे ज्यादा 32 खिताब अमेरिका ने जीते हैं। जबकि डेविस कप 1966 में भारत उपविजेता रहा था। 1974 में भी उपविजेता रहे। इसके अलावा भारत 1987 में भी फाइनल तक पहुंचा था। तब हमें स्वीडन के खिलाफ हार मिली थी।

# पेरिस ओलंपिक का पदक होगा खास, खिलाड़ियों को मिलेगा एफिल टावर का टुकड़ा, हुआ अनावरण

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक के आयोजकों ने गुरुवार को पहली बार पदकों का अनावरण किया। खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ी प्रतिष्ठित एफिल टावर का एक टुकड़ा घर ले जाएंगे। पेरिस ओलंपिक आयोजकों ने पदक का एक वीडियो शेयर किया है। पदक का एक हिस्सा एफिल टावर के टुकड़ों से बना है। ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक जबकि पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होंगे। साल के सबसे बड़े खेल आयोजन के लिए कुल 5084 पदक बनाए गए हैं। पदक में 18-ग्राम षट्भुज (हेक्सागॉन) टोकन है। ये अतीत में स्मारक के नवीनीकरण के दौरान एफिल टावर से निकाले गए



लोहे से बने हैं। इन पदकों को चौमेट ज्वेलर ने डिजाइन किया है।

### पदकों में एफिल टावर धातु क्यों?

मार्टिन फोरकेड की अध्यक्षता में पेरिस 2024 एथलीट आयोग ने ओलंपिक खेलों के लिए पदकों पर विचार करने के लिए एक टीम का नेतृत्व किया। एक बयान में कहा कि फ्रांस और पेरिस के प्रतिष्ठित स्मारक, एफिल टॉवर को खेलों की सबसे प्रतिष्ठित वस्तु, पदक के साथ जोड़ना हमारे लिए एक स्पष्ट विकल्प था। पैरालिंपिक पदकों में नीचे से एफिल टॉवर का दृश्य दिखाई देता है और उन पर ब्रेल लिपि में पेरिस 2024 अंकित है। इससे फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल को श्रद्धांजलि देने का काम किया गया है।

वहीं, ओलंपिक पदक का दूसरा पहलू ग्रीस में खेलों के पुनर्जन्म की कहानी कहता है। 2004 से पदकों की एक पारंपरिक विशेषता है। जीत की देवी एथेना नाइक को अग्रभूमि में दशार्या गया है, जो 1896 में ओलंपिक खेलों के पुनरुद्धार का गवाह बने पैनाथेनिक स्टेडियम से निकलती है। ओलंपिक पदकों के दूसरे पक्ष की एक और अनिवार्य विशेषता, एक्रोपोलिस इस डिजाइन में पहली बार एफिल टॉवर से जुड़ा है। इस प्रकार ग्रीस में प्राचीन खेलों की प्रेरणा, आधुनिक ओलंपिक खेलों की फ्रांसीसी उत्पत्ति और पेरिस में उनके अगले संस्करण सभी का प्रतिनिधित्व किया गया है। यहां तक कि ओलंपिक और पैरालंपिक पदकों के रिबन का भी एफिल टॉवर से कनेक्शन है। इन्हें एफिल टावर की जाली के काम से सजाया जाएगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## स्थानांतरण पर वरीय अधिकारियों को दी गयी विदाई



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले में नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, परीचारी प्रवर के सम्मान में गुरुवार को स्वागत समारोह आयोजित की गई। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। वहीं, जिले से स्थानांतरित हुए सभी पदाधिकारियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र किया। वहीं, नव पदस्थापित सभी पदाधिकारियों ने आने वाले समय में जिले को अपराध मुक्त बनाये रखने के साथ ही शांति व्यवस्था कायम रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सभी पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुए मार्गदर्शन के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही पुलिस अधीक्षक नगर अजित कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपिल चौधरी ने भी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सभी को भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिले से स्थानांतरित हुए वरीय पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अमर पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद विन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निशा मुर्मू, एसडीपीओ अभिषेक सिंह मौजूद थे। उदर, विदाई समारोह में नव पदस्थापित महेश प्रजापति (बाघमारा एसडीपीओ), एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र राउत, डीएसपी रजत मणि बाखला, डीएसपी अरविंद सिंह, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## टुंडी थाना पहुंचे डीएसपी, विजय मंडल की हत्या सहित अन्य मुद्दों की ली जानकारी




**टुंडी (आजाद सिपाही)।** डीएसपी हेडक्वार्टर-2 संदीप कुमार गुप्ता गुरुवार को थाना पहुंचे। वहां पेशे से मछली विक्रेता मृतक विजय कुमार मंडल की हत्या के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। इसके बाद रवाना हो गए। बताया जा रहा कि कुछ माह पूर्व मछली विक्रेता विजय कुमार मंडल हटिया से मछली बेचकर वापस अपने घर लौट रहे थे तभी घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना से टुंडी पुलिस की काफी फजीहत भी हुई थी। फिलहाल इस घटना का अब तक उद्भेदन नहीं होने से पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है। पीड़ित परिवार ने युवा नेता जयराम महतो को जब इसकी जानकारी दी तो इस दिन वे भी टुंडी थाना पहुंचकर अविलंब हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि वह उन लोगों के साथ खड़े हैं।

## गांव चलो अभियान के तहत बोकारो में आयोजित होंगे कई कार्यक्रम : जयदेव



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया है। कहा कि आस्था स्पेशल ट्रेन बोकारो से अयोध्या के लिए उपलब्ध करवा कर हजारों राम भक्तों के सपनों को सुगमता से साकार कर दिया है। वहीं उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार अयोध्या पहुंचने के साथ ही दर्जनों बसों एवं ठहरने के लिए टेंट की व्यवस्था किया है जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि आस्था स्पेशल ट्रेन से बोकारो से पुनः 26 फरवरी को हजारों रामभक्त रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जायेंगे। उन्होंने बताया कि जनता में जागृति लाने, मजदूरो-किसानों-व्यापारियों, विद्यार्थियों व नवजवानों को संगठित करने गांवों के प्रतिभावान विद्यार्थियों से मुलाकात, अध्यापकों से भेंट, मंदिर के पुजारियों के साथ मिलकर आदर्श गांव के निर्माण के लिए गांव चलों अभियान कार्यक्रम बोकारो में रखा गया है। जिसमें गांव के पन्ना प्रमुख से लेकर सभी ख्याति प्राप्त लोग प्रवासी नेता गांव में ही रहकर नव मतदाताओं का सत्यापन, गांव की मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा-चिकित्सा आदि का आकलन करेगी। इस मौके पर गांव चलो अभियान के जिला संयोजक शह किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश राय, चास नगर दक्षिणी के मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश तापड़िया, बनमाली दत्ता भानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## त्रिपक्षीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास के अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यकाल में पूर्व घोषित कार्यक्रम इंडस्ट्रियल एरिया, बालीडीह में एक दिवसीय चक्का जाम के तहत आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो के साथ 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल एवं अनुमंडल पदाधिकारी के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक 75 फीसदी स्थानीय उम्मीदवारों को निजी कंपनियों में नियोजन सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक आजसू का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मंगलम इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, केएस इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, वीजे राव एंड कंपनी, केएस स्टील सहित अन्य कंपनियों द्वारा फैलाए प्रदूषण को हर हाल में रोकथाम की व्यवस्था करनी होगी। अन्यथा वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सभी कंपनियों को 15 दिनों के अंदर समस्याओं का निदान करने को लेकर पत्राचार किया जाएगा। साथ ही अनुशासनहीनता करने पर कंपनी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिध दल में पंसस कल्याणी देवी, उपमुखिया अजय गोस्वामी, विस्थापित नेता फूलचंद महतो, वार्ड सदस्य मीना देवी, बिंदु देवी, बासमती देवी, सुमित्रा देवी, पिंकी देवी, नीता देवी, राखी पांडेय, पूनम देवी शामिल थे। वहीं मौके पर तापेश मेहता, मुन्ना ओझा, रमेश सिंह, सूरज दिगार, अशोक हांसदा, सरजू महतो, सागर दिवार, धीरेन मुर्मू, अमन सिंह, हर्ष तिवारी आदि मौजूद थे।

## धनबाद मंडल के विभिन्न खंडों में चला टिकट जांच अभियान

**धनबाद।** मंडल की ओर से विभिन्न खंडों में बड़े स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 1378 यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे पांच लाख 58 हजार 335 रुपये जुर्माना वसूली गई। अधिकारियों ने कहा कि टिकट जांच आगे भी जारी रहेगा।

### 11 से 25 तक घर-घर जाकर लोगों को खिलायी जायेगी डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोग दवा जरूर लें : डॉ चंद्रभानू

**अभियान को सफल बनाने के लिए 331 सुपरवाइजर भी रहेंगे क्रियाशील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। 10 को जिले के 2220 बूथ पर 4446 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान को सफल बनाने के लिए 331 सुपरवाइजर भी क्रियाशील रहेंगे। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खलाई जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने बताया कि जिले के 1154 गांव में 2220 बूथ पर 4446 दवा प्रशंसकों द्वारा 331 पर्यवेक्षकों की देखरेख में 26 लाख 52 हजार 960 लोगों को दवा खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान सभी 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), 34 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 141 हेल्थ सब सेंटर, सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल व धनबाद रेलवे स्टेशन पर में 2-2 सहित 190 बूथ पर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के सभी लोगों से दवा लेने की अपील की। 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जायेगी। वीबीडी पदाधिकारी सुनिल कुमार ने कहा कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित लाइलाज और दूसरी सबसे बड़ी दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है। यह गंदे पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। यह जानलेवा बीमारी नहीं है लेकिन इसकी वजह से शरीर में विकृति पैदा होती है। इसलिए इस रोग के बचाव के लिए एमडीएम कार्यक्रम के दौरान सभी व्यक्तियों को दवा का सेवन करना आवश्यक है। बताया कि कार्यक्रम के तहत 66 लाख 32 हजार 150 डीईसी और 26 लाख 56 हजार तीन एल्बेंडाजोल गोली की आवश्यकता रहेगी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, पीसीआई के जिला समन्वयक अशोक कुमार, पिरामल फाउंडेशन के अमरेंद्र कुमार झा मौजूद थे।



कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक करते सिविल सर्जन व अन्य।

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ धनबाद में वाम संगठनों ने किया विरोध

**केरल की जनता के साथ किया एकजुटता प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** माकपा, मासस एवं वाम दलों सहित सीटू और मजदूर कर्मचारी समन्वय समिति की ओर से गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर केरल की वाम जनवादी मोर्चा सरकार पर कथित केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उपेक्षा के खिलाफ केरल की जनता के साथ एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व धनबाद जिला परिषद मैदान से एकजुटता रैली निकाली, जो पार्क मार्केट होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचे और प्रदर्शन के साथ सभा किया। वक्ताओं ने कहा कि केरल में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार चल रही है। केरल की वाम जनवादी सरकार वहां बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा जीवन जीविका और सामाजिक सुरक्षा पर बेहतर काम कर रही है। इस देश में केरल एक मॉडल राज्य है। पर केंद्र सरकार के इशारे पर राज्यपाल सड़क पर धरना देकर केरल की वाम जनवादी सरकार को बदनाम और अस्थिर करना चाहती है, जो गैर लोकतांत्रिक है। केरल के अलावे कई अन्य गैर भाजपा शासित राज्यों में सरकार को गिराने और अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। इसके खिलाफ आज केरल की जनता दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन व धरना दे रही है। जिसके समर्थन में इस दिन देशव्यापी केरल एकजुटता दिवस मनाया जा रहा है। उसी क्रम में हमलोग धनबाद में केरल की जनता के साथ एकजुटता प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर माकपा राज्य कमेटी के वरिष्ठ नेता कॉ गोपी कांत बक्सी, सुरेश गुप्ता, मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन महतो, सचिव राणा चट्टराज, सीटू जिला अध्यक्ष एएम पाल, उपाध्यक्ष हराधन रजवार व जिला महामंत्री राम कृष्णा पासवान, बीसीकेयू केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर लाल महतो, शिव बालक पासवान, सपन माजी, मानस चटर्जी, भारत भूषण, शिव कुमार सिंह, विकास ठाकुर, गौतम प्रसाद, भगवान दास, योगेंद्र महतो, राम बालक, लिलामय गोस्वामी आदि मौजूद थे।




# एक नये सफर की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं और सेवानिवृति के बाद जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से गुरुवार को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरंभ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। वहीं, डॉक्टर साकेत मिश्रा, एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। इसके अलावा उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) शैलजा ने वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक के क्लस्टर हेड चंदन अरोड़ा ने धन निवेश पर सुझाव दिया।

### विभिन्न मांगों को लेकर थाली बजा कर किया प्रदर्शन

# मांग पर विचार नहीं हुआ तो 10 को जिलास्तर पर थाली बजा कर करेंगे विरोध : गुड़िया देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड की सरकारी महिला मजदूर मोर्चा के राज्य एवं जिला स्तरीय कमेटी की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जल-स्वास्थ्य सहिया, आंगनवाड़ी सेविकाओं व पोषण सखियों ने गुरुवार को जमुआ प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर थाली बजाकर विरोध प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनीता कुमारी और मंच संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी ने किया। अपने संबोधन में कोषाध्यक्ष सह प्रखंड सचिव सितारा प्रवीण ने कहा कि जल सहिया को पूर्व की रघुवर दास सरकार जो केवल एक हजार रुपए मासिक मानदेय दे रही थी। झारखंड की वर्तमान सरकार ने उसे भी बंद कर दिया है। जबकी चुनाव पूर्व खुद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि उसकी सरकार जल सहियाओं को महंगाई के अनुरूप न्यूतम मानदेय देगी। पर आज स्थिति यह है की 32 महीने से बकाया मानदेय भुगतान तक नहीं किया गया। और मार्च 2022 से मानदेय को हटा दिया गया है। ऐसी परिस्थिति में जलसहिया के समक्ष आंदोलन करने के अलावे कोई रास्ता नहीं बचा है। वहीं, गुड़िया देवी, दिनेश्वरी देवी, बबिता कुमारी और सालेहा प्रवीण आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि उनकी मांग पर विचार नहीं किया गया तो 10 फरवरी को जिला स्तर पर थाली बजाकर विरोध प्रकट किया जाएगा। बताया कि संगठन की मुख्य दो सूत्री मांगे न्यूतम मजदूरी के अनुसार मानदेय लागू और नगर निगम के अंतर्गत आने के कारण जिन जल सहिया की छटनी कर दी गई है उन्हें पुनः सेवा में वापस लिया जाए। इस मौके पर कुसुम देवी, साजिया खातून, शबनम बीबी, सरिता देवी, दीपा देवी, सोनिया, रस्मानिया कुमारी, ममता देवी, कंचन देवी आदि उपस्थित थी।



अधिकारी के मांग पत्र सौंपती जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं व अन्य।

## लोकसभा चुनाव को लेकर आजसू बूथ कमेटी की बैठक, लिये गये कई निर्णय



**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत परबनी पंचायत में गुरुवार को आजसू के बूथ कमेटी की बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा करने के साथ ही ग्राम प्रभारी और चुनाव प्रमुख का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो और संचालन परमेश्वर महतो ने किया। जिसमें उपस्थित डुमरी विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय सचिव यशोदा देवी ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक पंचायत स्तर पर कमेटी का विस्तार किया जा रहा है। वहीं, नावाडीह प्रभारी वेगन महतो ने कहा कि पार्टी ने हमें जो दायित्व दिया है वह हमेशा पूरा करेंगें। सुरेश महतो ने बताया कि बैठक में ग्राम प्रभारी और चुनाव प्रमुख का चयन किया गया है। कहा कि लोकसभा चुनाव में गिरिडीह लोकसभा फिर से एनडीए प्रत्यासी को जिताया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी भारत को अग्रिम देशों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिये है। इस कारण इस बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए गिरिडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करवानी है। मौके पर जिला सचिव बोबी पटेल, विक्रम महतो ठाकुर महतो आदि थे।

## मिशन ऑफ नॉलेज स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी और पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अरविंद कुमार सिंह के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर चिरागोड़ा स्थित मिशन ऑफ नॉलेज स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में समझाया गया। साथ ही सड़क पर ग्रुप बनाकर नहीं चलने, यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना होने पर घायल की मदद करने के लिए 108 पर एंबुलेंस को कॉल कर जानकारी देने सहित अन्य जानकारी दी गई। मौके पर प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार दुबे, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे। वहीं, आमजनों को जागरूक करने के लिए जिला परिवहन कार्यालय से एक बाइक रैली निकाली गई। जो जिला परिवहन कार्यालय से बेकारबांध, पूजा टॉकीज, रणधीर वर्मा चौक से लेकर जिला परिवहन कार्यालय तक गई। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी. द्विवेदी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अरविंद कुमार सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर अजय मिंज, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, जिला परिवहन कार्यालय के सभी कर्मी आदि रहे।

## खरगडीहा राजकीय बुनियादी विद्यालय में कुकिंग कास्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** संकुल संसाधन केंद्र खरगडीहा राजकीय बुनियादी विद्यालय में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जमुआ के आदेशानुसार संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संकुलाधीन सभी विद्यालय के रसोईया सह सहायिका ने भाग लिया। संकुल साधन सेवी रंजीत कुमार साहू ने सभी रसोइया को विभागीय एमडीएम कार्यक्रम जो कि अब पीएम पोषण शक्ति कार्यक्रम के नाम से जाना जाता है। इस संदर्भ में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला और कुकिंग कंपटीशन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी। इस प्रतियोगिता में यूपीएस खेदुआडिह की पारो देवी, उमस मांगोडीह की भगिया देवी, कन्या मध्य विद्यालय मिर्जागंज की घोली देवी आदि ने भाग लिा। वहीं, प्रथम संगीता देवी और दूसरा स्थान घोली देवी ने जीता।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

–: रद्द संबंधी सूचना :–

पत्रांक 155/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–7.2.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा डी0एम0एफ0टी0 के तहत ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं॰– RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1, नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य का निविदा आमंत्रित की गई थी जिसका PR No. 311615 Rural Development(23-24):D है। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 318251 (Rural Development)23-24*D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ॰एफ॰पी॰ भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 306/2023-24 दिनांक :- 07.02.2024

मुख्य अभियंता, जे॰एस॰आर॰आर॰डी॰ए॰, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SIM-09 / 2023-24 | जलडेगा | 1 जलडेगा से केलुगा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं॰ – 3.000 कि॰मी॰) | 1486.983 | चौदह करोड़ छियासी लाख अंठानबे हजार तीन सौ रू॰ मात्र | 15 महीना |
| | | जलडेगा | 2 आर॰ई॰ओ॰ पथ जलडेगा प्रखण्ड कार्यालय से खरवागरहा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं॰ – 6.300 कि॰मी॰) | | | |
| | | जलडेगा | 3 पंडरीपानी जलडेगा आर॰ई॰ओ॰ पथ से सिलिंगा भाया पियोसोकरा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं॰ –4.100 कि॰मी॰) | | | |
| | | जलडेगा | 4 बोंगेरा से पोमिया भाया बेंदोचुआँ पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं॰ –11.025 कि॰मी॰) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–16.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–29.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे॰एस॰आर॰आर॰डी॰ए॰, राँची, एफ॰एफ॰पी॰ भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे॰एस॰आर॰आर॰डी॰ए॰, राँची

PR 318242 Rural Work Department(23-24)#D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
12


## पुरानी पेंशन नहीं तो होगी हड़ताल, रेलवे-रक्षा समेत बंद होंगे सरकारी दफ्तर

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** देश में 'पुरानी पेंशन' बहाली के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार को ओपीएस लागू करने के लिए छह सप्ताह का अल्टीमेटम दे दिया है। अगर इस अवधि में पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती है, तो देशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी। इस स्थिति में रेल संचालन और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों सहित तमाम सरकारी विभागों में कामकाज बंद हो जाएगा। बुधवार को नई दिल्ली में हुई नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के पदाधिकारियों की बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता, एनजेसीए के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा ने की है। केंद्र सरकार को अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस देने और स्ट्राइक की तिथि घोषित करने के लिए दो दिन के भीतर एक कमेटी गठित होगी।

### श्रील प्रभुपाद की 150वीं जयंती पर भारत मंडपम में कार्यक्रम

# अयोध्या में भव्य राम मंदिर का सपना पूरा, युवा स्पिरिचुएलिटी-स्टार्टअप साथ में देख रहे : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आध्यात्मिक गुरु श्रील प्रभुपाद की 150वीं जयंती के कार्यक्रम में पहुंचे। मोदी ने आध्यात्मिक गुरु के सम्मान में एक स्मारक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में कार्यक्रम हुआ था।

मोदी ने कहा कि सैकड़ों साल पुराने भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। अब युवा स्पिरिचुएलिटी और स्टार्टअप को एकसाथ देखने लगे हैं। मैं श्रील प्रभुपाद जी को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। मैं उनके अनुयायियों को उनकी 150वीं जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। आज मुझे उनकी स्मृति में स्मारिका और सिक्का जारी करने का सौभाग्य मिला। ये जयंती ऐसे समय में मना रहे हैं, जब कुछ दिन पहले सैकड़ों साल पुराना भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। आज आपके चेहरे पर जो उल्लास दिख रहा है, इसमें रामलला के विराजमान होने की खुशी भी शामिल है। इतना बड़ा महायज्ञ संतों के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। हम लोग जीवन में प्रेम, कृष्ण तत्व को कितनी सहजता से समझते हैं। इसके पीछे चैतन्य महाप्रभु की बहुत बड़ी भूमिका है। वे कृष्ण भक्ति के प्रतिमान थे। उन्होंने कृष्ण भक्ति को जनसामान्य के लिए सुलभ बना दिया। उन्होंने बताया कि भक्ति संन्यास से ही नहीं, उल्लास से भी हो सकती है।

आचार्य श्रील प्रभुपाद गौड़ीय मिशन के संस्थापक थे, जिन्होंने वैष्णव आस्था के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने हरिनाम कीर्तन से मानव कल्याण का रास्ता जन जन तक पहुंचाया। हरे कृष्णा आंदोलन उन्हीं की देन है। गौड़ीय मिशन श्री चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं और वैष्णव धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को दुनिया भर में फैला रहा है। प्रभुपाद की जयंती पर वैष्णव धर्म को मानने वाला मिशनरी संगठन गौड़ीय मिशन तीन दिवसीय विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। आयोजन की शुरूआत 6 फरवरी को हुई और 8 फरवरी को विशेष उद्धघाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश-विदेश से वैष्णव आचार्य और साधु-संत भी आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 फरवरी को गुवाहाटी के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर समेत असम में 11 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इसे महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह 498 करोड़ रुपए खर्च कर डेवलप किया जाएगा।

## किम्स ने किया 70 वर्षीय महिला के वाल्व का सफलतापूर्वक इलाज




**भूवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** कलिंग आयुर्विज्ञान संस्थान (किम्स) ने जटिल मामलों के लिए उन्नत देखभाल और उपचार प्रदान करने में फिर से नये मील के पत्थर स्थापित किए हैं। हृदय रोग विशेषज्ञों ने ओडिशा में पहली बार एक 70 वर्षीय महिला रोगी पर रिसने वाले हृदय के वाल्व को क्लिप करने के लिए मित्रक्लिप नामक एक प्रक्रिया की है। माइट्रल वाल्व में रिसाव के कारण रोगी को गंभीर हृदय विफलता का सामना करना पड़ा था, जो हृदय में चार वाल्वों में से एक है जो रक्त को सही दिशा में बहाता रहता है। उसे सर्जिकल वाल्व प्रतिस्थापन के लिए बहुत अधिक जोखिम माना जाता था। इसलिए, उन्हें रिसने वाले हृदय वाल्व की मरम्मत के लिए मित्रक्लिप चिकित्सा की पेशकश की गई। माइट्रल वाल्व निचले बाएं हृदय कक्ष (वेंट्रिकल) और ऊपरी बाएं हृदय कक्ष (एट्रियम) के बीच रक्त प्रवाह को नियंत्रित करता है। ओडिशा में, हृदय के छिद्रों के रिसाव को ठीक करने के लिए मित्रक्लिप प्रक्रिया के माध्यम से रोगियों का इलाज उपलब्ध नहीं था। हालांकि, हृदय विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुपम जेना के नेतृत्व में डॉक्टरों ने उनकी टीम ने इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया है। किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने उन्नत देखभाल और उपचार प्रदान करने के लिए किम्स की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए सफलतापूर्वक प्रक्रिया आयोजित करने के लिए डॉक्टरों को बधाई दी।

## जियो-बीपी ने यू-डिजर्व-मोर अभियान शुरू किया



**मुंबई(आजाद सिपाही)** । जियो-बीपी ने एक अग्रणी मोबिलिटी सेवा प्रदाता ने आज अपना अनूठा प्रदर्शन करते हुए अपना यू-डिजर्व-मोर अभियान जांच किया। भारत के ईंधन अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ग्राहकों के लिए पहल की गयी है। आजादी की 100वीं वर्षगांठ की ओर अमृत काल से आगे बढ़ते हुए भारत वैश्विक ऊर्जा के लिए उज्ज्वल स्थान बना रहेगा। भारत को ₹ओर₹ की पेशकश करते हुए यू-डिजर्व-मोर (वाईडीएम) अभियान प्रदर्शन, सेवा और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के तीन स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जियो-बीपी की पेशकश है जों ग्राहक प्रस्तावों पर प्रकाश डालता है। वाईडीएम अभियान 4.3% तक अधिक माइलेज देने वाले डीजल और पेट्रोल पर केंद्रित है। जो तेजी से बढ़ते जियो-बीपी पल्स ईवी चार्जिंग पॉइंट नेटवर्क के साथ-साथ बिना किसी अतिरिक्त लागत के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित विशेष 'एक्टिव' तकनीक के माध्यम से इंजन को 10 गुना तक साफ रखता है। जियो-बीपी मोबिलिटी स्टेशनों के देश-व्यापी नेटवर्क पर अन्य प्रस्तावों के अलावा अंतरराष्ट्रीय ऑन-द-मूव ब्रांड वाइल्ड बीन कैफे के तहत सिग्नेचर कॉफी के साथ-साथ स्नैक्स, कन्फेक्शनरी आदि वस्तुओं के लिए 24७7 दुकान पर भी प्रकाश डाला गया है। केवल स्वचालन से आगे बढ़कर बेचे गए ईंधन या इलेक्ट्रॉन की हर बूंद की 100% ट्रैकिंग के साथ जियो-बीपी भारत के लिए बड़े, बेहतर और स्मार्ट ऑफर बनाने के लिए हर डेटा बाइट का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे ही वाईडीएम अभियान शुरू होता है, ग्राहकों को असीमित सपने देखने और जियो-बीपी के साथ गतिशीलता के एक नए युग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## अगले 15 तारीख को ओड़िशा के दौरे पर आ रहा केंद्रीय चुनाव आयोग

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आम चुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ओड़िशा के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे है। ओड़िशा में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे। ईवीएम की स्थिति, बूथ स्तर पर तैयारी आदि की समीक्षा करेंगे। मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, गृह सचिव, विकास आयोग और सभी जिलाधिकारियों और एसपी से चर्चा करेंगे। उनका 15 से 17 तारीख तक ओड़िशा में रहने का कार्यक्रम है।

## संगीतकार प्यारेलाल को मिला लक्ष्मीनारायण अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रतिष्ठित संगीतकार प्यारेलाल शर्मा को लक्ष्मीनारायण अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लक्ष्मीनारायण ग्लोबल म्यूजिक फेस्टिवल के हिस्से के रूप में संगीतकार एल सुब्रमण्यम और कविता कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम द्वारा 'माई नेम इज लेखन' संगीतकार को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। सभी संगीतकार को इस सम्मान के लिए ढेर सारी बधाई दे रहे हैं। प्यारेलाल अपने आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में हिंदी सिनेमा के सबसे सफल संगीतकारों में से एक हैं। महान संगीतकार ने संगीत सम्राट लक्ष्मीकांत शांताराम कुडालकर के साथ मिलकर सुपरहिट सॉन्ग्स दिए हैं। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने 'दोस्ती', 'हम सब उस्ताद हैं', 'आये दिन बहार के', 'मेरे हमदम मेरे दोस्त', 'मेरा गांव मेरा देश', 'बॉबी', 'रोटी' 'कपड़ा और' सहित सदाबहार गाने बनाये हैं।

# कामकाजी बजट सदन में प्रस्तुत किया गया किस विभाग को कितना मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर 08/02 वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कामकाजी बजट विधानसभा में पेश किया गया है। वित्त मंत्री विक्रम केशरी आरुख बजट पेश कर रहे है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2 लाख 55 हजार करोड़ का बजट पेश किया गया है। चुनाव का कामकाजी बजट 1 लाख 18 हजार करोड़ है। वित्त मंत्री ने कहा, ₹किसी को उपेक्षा न करना हमारे 24 साल के शासन का मूल मंत्र है। ओडिशा परिवर्तन की राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। मजबूत आर्थिक विकास के कारण गरीबी कम हुई है। आने वाले वित्तीय वर्ष में ओडिशा की विकास दर राष्ट्रीय विकास दर से अधिक रहने का अनुमान है। राज्य की विकास दर 8.5% अनुमानित है। कृषि एवं किसान कल्याण पर जोर दिया गया है। बीएसकेवाई को सभी को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए बनाया गया है । आम ओडिशा नवीन ओडिशा का लक्ष्य पूरा हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के कामकाजी बजट में कृषि के लिए 28944 करोड़ रुपये का व्यय आवंटित किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 16.6% अधिक है। कालिया योजना के तहत 62.81 लाख किसान परिवारों को वित्तीय सहायता मिली है। 10 नवंबर को मांडिया दिवस घोषित करने वाला ओडिशा देश का पहला राज्य है। राज्य सरकार मिलेट की खेती को महत्व दे रही है। 5 लाख से ज्यादा मिलेट किसानों की जीवनशैली में बदलाव आया है। ओडिशा कृषि ऋण के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू करने वाला पहला राज्य है । यह वेब पोर्टल उन किसानों के लिए एक वरदान की तरह है जो ऋण लेने के इच्छुक हैं ।

राज्य सरकार सिंचाई पर ध्यान केंद्रित कर रही है । 2024 - 25 में , 25 इंस्ट्रीम भंडारण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा । इस परियोजना के लिए 860 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित है । पार्वतीगिरी लिफ्ट सिंचाई परियोजना योजना के दूसरे चरण में अगले 5 वर्षों में 10,759 करोड़ की लागत से 170 नई परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के लिए 1225 करोड़ रुपये का व्यय आवंटित किया गया है।

# खनिज ब्लॉक की नीलामी पर रोड शो

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर/दिल्ली।** माननीय केंद्रीय संसदीय मामले, कोयला और खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी द्वारा 29 नवंबर, 2023 को शुरू किए गए महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की उद्घाटन नीलामी की सफलता की तैयारी में, कल भुवनेश्वर में संभावित बोलीदाताओं के साथ क्षेत्रीय जुड़ाव के लिए खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक रोड शो का आयोजन किया गया।

डॉ. वीणा कुमारी डरमल, नामित अधिकारी और संयुक्त सचिव, खान मंत्रालय, श्री श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको, खान मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस अवसर पर विशेषतः उपस्थित थे और बोलीदाताओं, उद्योग सलाहकारों और अन्वेषण एजेंसियों के साथ बातचीत की। रोड शो का उद्देश्य नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से संभावित बिडरों का मार्गदर्शन करना है। उल्लेखनीय है कि इस पहली खेप में, समग्र लाइसेंस प्रदान करने के लिए 16 और खनन पट्टे के अनुदान के लिए 4 के साथ कुल 20 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है। खनिजों में ग्रेफाइट, ग्लूकोनाइट, लिथियम, आरईई, मोलिब्डेनम, निकल, पोटॉश, पीजीई और फॉस्फोराइट शामिल हैं। ये ब्लॉक बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश तथा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में फैले हुए हैं। इन 20 खनिज ब्लॉकों में से 4 ब्लॉक ओड़िशा में स्थित हैं।

प्रस्तुति में नीलामी प्रक्रिया विवरण, बोली प्रस्तुत करने के तकनीकी पहलुओं और पंजीकरण प्रक्रिया और 20 ब्लॉकों के तकनीकी विवरण शामिल थे। उन्होंने बोली लगाने वालों से नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 13 फरवरी, 2024 है और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी, 2024 है। इसके बाद ई-नीलामी बोली प्रारम्भ होगी।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय: सशक्तिकरण की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान ने संयुक्त रूप से अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए फिल्म-आधारित कौशल पाठ्यक्रमों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन गुरुवार को विश्वविद्यालय में किया गया। 23 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर विश्भुवनेश्वर 8/02 आम चुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे है। आयोग के साथ उनके अधिकारी भी ओडिशा आयेंगे। ओडिशा में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे। ईवीएम की स्थिति, बूथ स्तर पर तैयारी आदि की समीक्षा करेंगे। मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, गृह सचिव, विकास आयोग और सभी जिलाधिकारियों और एसपी से चर्चा करेंगे। उनका 15 से 17 तारीख तक ओडिशा में रहने का कार्यक्रम है।

प्रोफेसर नरसिंह चरण पांडा, सलाहकार प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध अभिनेता एवं एफटीआईआई, पुणे के प्रोफेसर संजय मोरे, प्रभारी प्रमुख पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग डॉ सौरभ गुप्ता, और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ निखिल कुमार गौड़ भी उपस्थित थे। 15 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने इसे विश्वविद्यालय का एक ऐतिहासिक आयोजन बताया।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**